# कांग्रेस को मिला एक बार फिर से सरकार को घेरने का मौका



देहरादून। उद्यान विभाग के घोटाले में बीजेपी विधायक के भाई का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस को एक बार फिर से सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। उद्यान विभाग में हुए घोटाले समेत अन्य घपलों पर कांग्रेस ने बीजेपी सरकार को निशाने पर लिया और प्रदेश भर में आज राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

उद्यान विभाग के घोटाले को लेकर कांग्रेस ने राजधानी देहरादून में भी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल किया है। यहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बीजेपी सरकार का पुतला दहन किया है। देहरादून में कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी ने कहा कि बीजेपी सरकार में नित नए–नए घोटाले हो रहे हैं, लेकिन सरकार दोषियों को सजा देने के बजाए इन पर लीपापोती करने में लगी हुई है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद घोटाले में लिप्त अधिकारियों और मंत्रियों को संरक्षण दे रहे हैं। राजनीति में नैतिकता का बहुत बड़ा स्थान होता है। इसलिए नैतिकता के आधार पर प्रदेश के उद्यान मंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश से साबित हो चुका है कि बीजेपी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर संवेदनशील नहीं है।

## पत्नी ने किया पति पर मुकदमा, कहा हैवान है मेरा पति

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में सुहागरात पर एक पति द्वारा कथित तौर पर सेक्स पावर और स्टेमिना बढ़ाने के लिए वियाग्रा (कामोत्तेजक दवा) खाकर नई नवेली दुल्हन के साथ संबंध बनाने और अननैचुरल सेक्स करने का मामला सामने आया है। पति की इस हरकत से तंग आकर पत्नी ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पत्नी ने पति के साथ ही सास–ससुर और एक अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, देहरादून कोतवाली क्षेत्र में शादी की पहली रात ही पति ने कामोत्तेजक दवाई खाकर अपनी पत्नी के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए। पीड़ित पत्नी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ अप्राकृतिक संबंध बनाने समेत आईपीसी विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि उसकी शादी 7 फरवरी 2023 को देहरादून निवासी युवक से हुआ था।

# मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया

उत्तरकाशी। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक रूहेला ने निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर शानिवार को मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने बीएलओ को तय कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों पर दावों और आपत्तियां प्राप्त करने तथा 1 जनवरी 2024 की तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले अर्ह लोगों के नाम सूची में जोड़ने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करने ही हिदायत दी है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक रूहेला ने गत दिन जिले के सभी 554 मतदेय स्थलों को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशित कर 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचन नामावली का विशेष पुनरीक्षण किए जाने के अभियान की शुरूआत कराई थी। इस अभियान को लेकर जिला मुख्यालय के राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज, बालिका इंटर कॉलेज एवं रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निर्धारित मतदेय स्थलों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के काम में बीएलओ की भूमिका को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि तय कार्यक्रमानुसार बीएलओ बूथों पर उपस्थित रहने के साथ ही घर–घर जाकर भी मतदाताओं के नाम जोड़े जाने एवं गलत नाम हटाये जाने तथा त्रुटियों को सुधार किए जाने हेतु दावे और आपत्तियों को प्राप्त करने का कार्य सावधानीपूर्वक व तत्परता के साथ संपादित करें। कहा कि नामावली के पुनरीक्षण हेतु अगले नवंबर माह में 04,05, 25 तथा 26 तारीख को विशेष अभियान चलाया जाएगा। विशेष अभियान की तिथियों में बीएलओ अपने मतदेय स्थल पर ही मौजूद रहेंगे। प्राप्त दावों और आपत्तियों को निस्तारण 26 दिसंबर तक करने के बाद आगामी पांच जनवरी 2024 को निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी भटवाड़ी चतर सिंह चौहान एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा उपस्थित रहे।

## बड़कोट में एबीवीपी ने तीन पदों पर प्रत्याशी किए घोषित

उत्तरकाशी। राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट टटाऊ में छात्र संघ चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद(एबीवीपी) ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं यूआर सहित तीन पदों पर अपने अधिकृत प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतार दिए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नितिन चौहान ने बड़कोट महाविद्यालय में होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए तीन पदों परअधिकृत प्रत्याशियों की सूची घोषित की है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सोनी तोमर, उपाध्यक्ष पद पर निकिता जगुड़ी तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए निर्देश चौहान के नाम घोषित किए हैं।

# मदरसों में पढ़ाए जाएंगे वेद और संस्कृत, बयान पर बवाल शुरू

रुड़की। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी कलियर दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए पहुंचे थे। कासमी ने कहा कि साबिर पाक की दरगाह केवल मुस्लिम समुदाय के लिए ही नहीं बल्कि हर धर्म के मानने वाले लोगों के लिए आस्था की प्रतीक है। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने दरगाह साबिर में जियारत कर देश उन्नति और शांति के लिए दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि मदरसों में वेद और संस्कृत को भी पढ़ाया जाएगा। वहीं, इस बयान का जमीयत उलेमा हिंद ने विरोध किया है।

अध्यक्ष शमून कासमी लंढौरा स्थित एक अरबी मदरसे में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इसके बाद देर रात को वह कलियर दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए पहुंचे थे। कासमी ने कहा कि साबिर पाक की दरगाह केवल मुस्लिम समुदाय के लिए ही नहीं बल्कि हर धर्म के मानने वाले लोगों के लिए आस्था की प्रतीक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्पसंख्यक वर्ग के लिए धरातल पर योजनाएं बनाकर विकास की राह खोल रहे हैं। वह उत्तराखंड में गाय, गंगा व हिमालय की रक्षा के लिए मुस्लिम समाज से अभियान चलवाएंगे और मदरसों में धार्मिक शिक्षा के साथ योग, वेद और भारतीय महापुरुषों की जीवनी को भी पढ़ाया जाएगा। वहीं, उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष के बयान पर उत्तराखंड जमीयत उलेमा ए हिंद कड़ा विरोध कर रही है। जमीयत किसी भाषा और इल्म की विरोधी नहीं जमीयत उलेमा हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद आरिफ कासमी ने कहा कि उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष ने लंढौरा में जो बयान दिया है। उसमें उन्होंने संस्कृत और वेद को मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात कही है। इसका कड़ा विरोध किया जाता है। जमीयत किसी भाषा और इल्म की विरोधी नहीं है लेकिन अरबी मदरसों में संस्कृत और वेद की पढ़ाई को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चिन्यालीसौड़ में मोटीवेशनल सत्र 30 को

उत्तरकाशी। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय महाविद्यालय की ओर से समृद्ध समाज की पुनर्स्थापना विषय पर आगामी 30 अक्टूबर को चिन्यालीसौड़ में मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया जायेगा। जिसमें केरल बॉम्बे सहित विभिन्न प्रांतों के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक व मोटिवेटर शमिल होकर छात्रों व युवाओं को मोटिवेट करेंगे। निर्देशिका ब्रह्मा कुमारी संग सर्कल उषा बहन ने बताया कि मूल्य आधारित सेवा द्वारा समृद्ध समाज की स्थापना विषय पर मोटिवेशनल सेशन होना है।

जिसमे विकासखंड चिन्यालीसौड़ के विभिन्न क्षेत्रों में समाज को लाभ पहुंचाने वाले सात सामाज सेवियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

# हर की पैड़ी पर होने वाली संध्याकालीन आरती आज सूतक काल से पहले ही की गई



हरिद्वार। आज इस साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण है, जिसको देखते हुए विश्व प्रसिद्ध हर की पैड़ी पर होने वाली संध्याकालीन आरती आज सूतक काल से पहले ही दोपहर 3 बजे ही की गई।

आम दिनों की बात करें तो हरकी पैड़ी पर संध्या कालीन आरती 6 बजकर 30 मिनट पर शुरू की जाती थी।ज्यादा जानकारी देते हुए गंगा सभा के सचिव उज्ज्वल पंडित ने समाचार एजेंसी आरएनएस को बताया कि आज हर की पैड़ी पर होने वाली आरती को चंद्र ग्रहण के कारण पहले ही कर लिया गया है। इसी के साथ उज्ज्वल पंडित ने बताया कि चंद्र ग्रहण का सूतक काल 4:05 बजे आरंभ हो जाएगा। जिसको देखते हुए उससे पहले ही मां गंगा की संध्या कालीन आरती कर ली गई है।उज्ज्वल पंडित ने कहा कि सूतक काल प्रारंभ होने से पहले ही मां गंगा के मंदिर के कपाट को बंद कर दिया जाएगा। जैसे ही चंद्र ग्रहण समाप्त होगा, उसके बाद मां गंगा के जल से मंदिर को पूरी तरह धोकर मंदिर के कपाटों को खोला जाएगा।

## एक नजर

### हादसे में पुलिसकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ऋषिकेश। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में एक शख्स के जख्मी होने के मामले में पुलिसकर्मी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का दावा है कि पुलिसकर्मी ने लापरवाही और तेजी से वाहन चलते हुए उनके वाहन को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक कर्णप्रयाग स्थित शक्तिनगर निवासी रविंद्र सिंह नेगी ने तहरीर दी। बताया कि वह 25 अक्तूबर को वाहन से घर जा रहे थे। उनके साथ चंद्र बल्लभ खंडूड़ी भी सवार थे। बदरीनाथ हाईवे पर शिवपुरी में सामने से आ रहे वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इसमें चंद्र बल्लभ जख्मी हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत होने पर चंद्र बल्लभ को देहरादून के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की नामजद तहरीर पर पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक बृजमोहन भट्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बृजमोहन पुलिस लाइन देहरादून में तैनात बताया जा रहा है। पुलिस घटना की जांच–पड़ताल में जुटी है।

### टौंस नदी किनारे बाढ सुरक्षा कार्य कराने की प्रमुख अभियंता से की मांग

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मेनदरथ के ग्रामीणों ने प्रमुख अभियंता सिंचाई को ज्ञापन प्रेषित कर टौन्स नदी से हो रहे भूकटाव भूस्खलन से रोकथाम एवं बाढ़ सुरक्षा कार्य करने की मांग की। ग्रामीणों ने प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि टौन्स नदी से मैंदरथ गांव के पास मैंदरथ, चौसाल, बागी, ठठोली, तलवाड़, हलाई के ग्रामीणों की कृषि भूमि, खेत, सिंचित क्यारियां, हर साल बरसात में कटाव होने से भूमि नदी की भेंट चढ रही है। ऐसे में भूमि को बचाने के लिए बाढ सुरक्षा के कार्य नहीं किये जाते हैं तो आने वाले समय में किसान भूमिहीन हो जायेंगे। ग्राम पंचायत प्रधान रमेश डोभाल ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि खेती के बचाव के लिए नदी किनारे बाढ सुरक्षा के कार्य किये जांय। जिससे भूमि के कटाव को रोका जा सके। लेकिन विभाग बेखबर बना हुआ है।

# जमरानी बांध परियोजना के निर्माण से हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्र में पेयजल–सिंचाई की समस्या का हल होगा व विद्युत उत्पादन भी होगा : सीएम



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने अपनी मंजूरी दे दी है। इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बांध परियोजना के निर्माण से हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या का हल होगा तथा विद्युत उत्पादन भी होगा । उत्तराखण्ड के जनपद नैनीताल में काठगोदाम से 10 कि०मी० अपस्ट्रीम में गौला नदी पर जमरानी बांध ( 150.60 मी0 ऊंचाई ) का निर्माण प्रस्तावित है। परियोजना से लगभग 1,50,000 हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होगा, साथ ही हल्द्वानी शहर को वार्षिक 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराए जाने तथा 63 मिलियन यूनिट जल विद्युत उत्पादन का प्रावधान है। वर्ष 1975 से वित्त पोषण के अभाव में परियोजना का निर्माण प्रारम्भ नहीं हो सका था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वृहद एवं मध्यम ) के अन्तर्गत जमरानी बांध परियोजना के वित्त पोषण हेतु निवेश स्वीकृति एवं जल शक्ति मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। भारत सरकार द्वारा रू0 1730.20 करोड़ की स्वीकृति पी०एम०के०एस०वाई० में 90 प्रतिशत ( केन्द्रांश), उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का संयुक्त रूप से 05–05 प्रतिशत ( राज्यांश) के अन्तर्गत प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। जमरानी बांध परियोजना से प्रभावित 351.55 हेक्टेयर वन भूमि सिंचाई विभाग को हस्तांतरित करने हेतु वन भूमि (स्टेज–2 ) अंतिम स्वीकृति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माह जनवरी 2023 में प्रदान कर दी गयी है। इससे प्रस्तावित बांध निर्माण की राह और आसान होगी तथा परियोजना प्रभावित परिवारों के विस्थापन हेतु प्राग फार्म की प्रस्तावित 300.5 एकड़ भूमि का प्रस्ताव दिनांक 18 मई 2023 को उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट में पारित किया जा चुका है। उपरोक्त प्रस्तावित भूमि को शीघ्र ही सिंचाई विभाग को हस्तांतरित किये जाने के लिए भी कार्यवाही गतिमान है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लखवाड़ प्रोजेक्ट से भी उत्तराखंड के साथ ही हिमाचल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा को पानी का लाभ मिलेगा। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री इसकी अंतिम मंजूरी दे चुके हैं। लखवाड़ परियोजना के तहत उत्तराखंड देहरादून जिले के लोहारी गांव के पास यमुना नदी पर 204 मीटर उंचा कंक्रीट का बांध बनेगा। बांध की जल संग्रहण क्षमता 330.66 एमसीएम होगी। इससे 33,780 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। इसके साथ ही इससे यमुना बेसिन क्षेत्र वाले छह राज्यों में घरेलू तथा औद्योगिक इस्तेमाल और पीने के लिए 78.83 एमसीएम पानी उपलब्ध होगा। प्रोजेक्ट के तहत संग्रहित जल का बंटवारा यमुना के बेसिन क्षेत्र वाले छह राज्यों के बीच 12 मई 1994 को किये गये समझौते के अनुरूप होगा।

# कांग्रेस ने किया प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन



विकासनगर। कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार का व उसके विधायकों का घोटालों का कच्चा चिठ्ठा खुलने लगा है। आये दिन उजागर हो रहे घोटालों में भाजपा के विधायकों व नेताओं के नाम शामिल हैं। कहा कि कांग्रेस भाजपा सरकार के घोटालों को जनता के बीच ले जाकर उसे बेनकाब करेगी। कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ सेलाकुई में प्रदर्शन कर नारेबाजी की व सरकार का पुतला दहना किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस की पछुवादून जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा की प्रदेश की भाजपा सरकार में आये दिन उत्तराखंड में घोटाले, भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा खुलने में लगा है। कहा कि पेपर लीक मामला हो या विभागों में घोटाले उसमें भाजपा नेताओं और विधायकों का नाम जरूर सामने आता है, लेकिन दुर्भाग्यवश सरकार अपनी छवि बचाने के लिए इन मामलो को दबा देती है। जिसका खामियाजा राज्य की जनता को भुगतना पड़ रहा है। लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि हाल में उद्यान विभाग घोटाला सामने आया है, जिसमें कोर्ट ने भी सीबीआई जांच का आदेश दे दिया है। कोर्ट के आदेश में भाजपा के विधायक और उनके भाई का भी जिक्र किया गया है। कहा कि विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता और प्रदेश की जनता के साथा धोखा किया है। कहा कि जनता से चुनाव में वोट मांगने वाले जनप्रतिनिधि ही जनता और राज्य का शोषण कर रहे हैं जबकि सरकार तमाशा देख रही है।

# शरद पूर्णिमा पर धूमधाम से निकली जगन्नाथ यात्रा



ऋषिकेश। शरद पूर्णिमा पर मुनिकीरेती स्थित मधुबन आश्रम की ओर से नगर में भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ कीर्तन मंडलियों और भक्तों ने भगवान श्रीराधाकृष्ण का गुणगान किया। नगर में निकली जगन्नाथ यात्रा का विभिन्न जगहों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शनिवार को शरद पूर्णिमा पर मुनिकीरेती स्थित मधुबन आश्रम ने नगर में जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली। आश्रम के अध्यक्ष परमानंद दास, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य, मंहत रवि प्रपन्नाचार्य आदि ने संयुक्त रूप से जगन्नाथ भगवान की विधिवत पूजा–अर्चना कर छप्पन भोग चढ़ाया। मधुबन आश्रम में भगवान बलदेव, सुभद्रा और श्रीकृष्ण की 26वीं झांकी निकाली गई। आश्रम हरे राम, हरे कृष्णा की ध्वनि से गूंज उठा।

आश्रम से शुरू हुई यात्रा कैलासगेट, भैरव मंदिर, चंद्रभागा, मुख्य बाजार, रेलवे रोड होते हुए गुरु नानक इंटर कॉलेज परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। भक्तों ने रस्सी के सहारे भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा।

# भूमाफिया ने आईएएस–आईपीएस समेत हाई प्रोफाइल को भी नहीं बख्शा, बेच डाली फर्जी तरीके से करोड़ों की जमीन

देहरादून। विकासनगर नगर पालिका परिषद से आठ किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर स्थित पौंधा में भूमाफिया ने प्रदेश के कई वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस के साथ ठगी करते हुए उन्हें अवैध प्लाट बेच दिये। यह जमीन हरिजन की है और इसके लिए कलक्टर से कोई अनुमति नहीं ली गयी। 300 बीघा जमीन में दिशा–एक और दिशा–दो के नाम से चल रहे इस प्रोजेक्ट में सरकार को भी स्टाम्प ड्यूटी की भारी चपत लगी है। गढ़वाल कमिश्नर ने जिलाधिकारी को इस मामले की जांच के आदेश दिये थे, लेकिन इसमें कई वरिष्ठ नौकरशाह शामिल हैं तो अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी ने इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने आरटीआई के जरिए इस भूमि संबंधी दस्तावेज मांगे। मिली जानकारी के अनुसार पौंधा में दिशा फारेस्ट के नाम से इंद्र सिंह बिष्ट, एस.सी माथुर समेत एक गिरोह ने संगठित तरीके से 150–150 बीघा भूमि में दो प्रोजेक्ट शुरू किये हैं। इन्हें दिशा–वन और दिशा–टू नाम दिया गया है। इस भूमि पर प्रदेश के आईएएस और आईपीएस अफसरों की कालोनी बनाई जा रही है।

एडवोकेट विकेश नेगी के अनुसार यह कृषि भूमि है। यह पहले हरिजन के नाम थी और बाद में इसे सरकार के अधीन रही। अब इसमें निजी कालोनाइजर शामिल हो गया। उनके मुताबिक इस जमीन पर लगभग डेढ़ हजार पेड़ थे। इन पेड़ों को बिना अनुमति काट डाला गया। आरटीआई से मिले दस्तावेजों के मुताबिक यहां प्लाट खरीदने वालों में उत्तराखंड के कई मौजूदा आईएएस, आईपीएस, पूर्व आईएएस, समेत कई अन्य नौकरशाह और हाई प्रोफाइल लोग शामिल हैं। जिनके साथ जमीन खरीद के नाम पर यह ठगी हुई है।

एडवोकेट विकेश नेगी के अनुसार यह जमीन सरकार में निहित होनी थी लेकिन दबाव के तहत अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

इस भूमि की जांच बैंक ने भी की। बैंक की ओर से जांच रिपोर्ट में कहा गया कि पांच सेल डीड की जांच में पाया गया कि इसमें उत्तर प्रदेश भूमि जमींदारी विनाश अधिनियम की धारा 157 ए का भी उल्लंघन किया गया है। इस जमीन को खरीदने–बेचने के लिए कलक्टर की अनुमति चाहिए जो कि नहीं ली गयी।एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक इस कालोनी में सर्किल रेट को भी दरकिनार किया गया है। यहां का सर्किट रेट 6800 रुपये प्रति वर्ग मीटर है जबकि यहां केवल 5000 रुपये की दर से स्टाम्प वसूला गया है। इस भूमि को लेकर विकासनगर में सिविल कोर्ट में मामला चला। इसमें बिल्डर एससी माथुर ने अपील की थी कि भूमि को उचित माध्यम से खरीदा गया है लेकिन अदालत ने उसकी अपील को खारिज कर दिया। आरटीआई के दस्तावेजों के मुताबिक इस मामले में भूमि धोखाधड़ी समन्वय समिति पौड़ी गढ़वाल के अपर आयुक्त प्रशासन ने देहरादून के जिलाधिकारी को 2021 से 23 जुलाई 2022 लगातार पत्र भेजे कि इस मामले की जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिये थे, लेकिन अब तक इस मामले की जांच नहीं हुई है।

## छेड़छाड़ का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सतपुली निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयपाल सिंह ने बताया कि मूल रूप से सतपुली की रहने वाले एक महिला ने अपने ही क्षेत्र के रहने वाले इमरान अहमद नामक व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसके आधार पर व्यक्ति के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कोटद्वार से आनंद विहार टर्मिनल के लिए ट्रेन का हुआ श्रीगणेश

## वर्चुअल माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दिखाई हरी झंडी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : कोटद्वार से आनंद विहार टर्मिनल के लिए संचालित होने वाली नई एक्सप्रेस रेल सेवा का शनिवार को श्रीणेश हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। कहा कि सरकार पर्वतीय क्षेत्रों को रेल सेवा से जोड़ने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में रेल सेवा बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार को पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाया है।

शनिवार शाम को कोटद्वार रेलवे स्टेशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी व हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेल सेवा को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि कभी किसी ने सोचा भी नहीं था कि पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रेन चलेगी। लेकिन, केंद्र सरकार ने इस सपने को साकार किया है।



कोटद्वार में आयोजित रेल शुभारंभ के अवसर पर वर्चुअल जुड़े मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रयासों से पहाड़ों को नई रेल सेवाओं का लाभ मिल रहा है। कहा कि प्रदेश में रेल सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार प्रदेश को पर्याप्त बजट उपलब्ध करवा रही है।

राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि कोटद्वार से आनंद विहार टर्मिनल के लिए संचालित होने वाली रेल सेवा का गढ़वाल वासियों को बेहतर लाभ मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण व गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने रेल सेवा के लिए रेल मंत्री व प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। इस मौके पर राज्य मंत्री राजेंद्र अण्थ्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मंडल रेल प्रबंधक आरके सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### गढ़वाल सांसद ने जताई नाराजगी

शनिवार को रेल के शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे गढ़वाल सांसद ने रेलवे विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। सांसद ने खुले मंच से अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों की योजना कई दिन पूर्व से बनाई जानी चाहिए। अचानक रेलवे को कार्यक्रम की सूझी और उन्होंने निमंत्रण पत्र भेज दिया। जबकि, जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रम पूर्व से ही निर्धारित रहते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को एक दिन बाद किए जाने के साथ ही सूतक काल में रेल का श्रीगणेश करने पर भी नाराजगी जताई।

### देहरादून के लिए चले ट्रेन

कार्यक्रम में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने रेलवे के अधिकारियों से कोटद्वार व देहरादून के मध्यम भी रेल सेवा शुरू करने की अपील की। कहा कि गढ़वाल क्षेत्र के सैकड़ों व्यक्ति प्रतिदिन कोटद्वार से देहरादून जाते हैं। ऐसे में यदि ट्रेन सेवा शुरू होती है तो लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

# वेस्ट टू वॉव प्रतियोगिता में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल अव्वल

## आईएचएमएस संस्थान में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से अंतर विद्यालयी स्टार क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान वेस्ट टू वॉव प्रतियोगिता में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल अव्वल रहा।

शनिवार को बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र–छात्राओं को अपनी छुपी हुई प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। उनमें कंपटीशन की भावनाएं विकसित होती हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी है। इस अवसर पर आयोजित बिजनेस क्वीज प्रतियोगिता में निर्णायक डा. विजय अग्रवाल, डा. क्षतिज सिंघल, सुनील कुमार नवानी, डा. सरिता चौहान के द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर बाल भारती स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रंग तरंग प्रतियोगिता में आरसीडी पब्लिक स्कूल, वेस्ट टू वॉव प्रतियोगिता में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, इनोटेक प्रतियोगिता में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल और जूनियर मास्टर शेफ प्रतियोगिता में बाल भारती स्कूल ने बाजी मारी।


कोटद्वार के आईएचएमएस में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि

इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं, ईडी अजय राज नेगी, डायरेक्टर एकेडमिक सुनील कुमार, सुरेंद्र सिंह जगवान, विजयश्री खुगशाल, पंकज कुकरेती, सपना रौथाण, नवीन किशोर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. अश्वनी शर्मा ने किया।

## केवल दिखावा है रेल संचालन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद अध्यक्ष गोपालकृष्ण बड़थ्वाल ने कोटद्वार-आनंद विहार रेल सेवा को दिखावा बताया है।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि यह रेल सेवा पुरानी रेल सेवा के स्थान पर बदली गई है। कहा कि इस रेल सेवा के संचालन के लिए भी परिषद और अन्य संगठनों ने जब आंदोलन किया तब जाकर तंत्र ने इसकी सुध ली। कहा कि जहां एक ओर पूरे देश में पटरियों और नई रेल सेवाओं का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं कोटद्वार के लिए नई रेल सेवा आरंभ न करना और कोटद्वार रेलवे स्टेशन की सुध न लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**कोटद्वार** : उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन गढ़वाल क्षेत्र के समस्त प्रभागीय शाखाओं के द्विवार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।क्षेत्रीय अध्यक्ष दलबीर सिंह रावत और क्षेत्रीय मंत्री नैन सिंह सौंद ने बताया कि कर्णप्रयाग में 30 अक्तूबर को नामांकन की प्रक्रिया होगी। उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। एक नवंबर को मतगणना के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी बुद्ध राम सिंह चौहान और सहायक चुनाव अधिकारी सोहनलाल जखमोला को बनाया गया है। हरिद्वार प्रभाग में एक नवंबर को नामांकन की प्रक्रिया होगी और उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध प्रत्याशियों की सूची जारी होगी। दो नवंबर को चुनाव कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश रावत और सहायक चुनाव अधिकारी वेगराज सिंह को बनाया गया है। कोटद्वार विक्रय प्रभाग में 6 नवंबर को नामांकन की प्रक्रिया होगी। उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच कराई जाएगी। 7 नवंबर को चुनाव कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी पूरन सिंह राठौर और सहायक चुनाव अधिकारी सत्यपाल सिंह होंगे। पौड़ी में 8 नवंबर को नामांकन की प्रक्रिया होगी। उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 नवंबर को चुनाव कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी हितेश कुमार और सहायक चुनाव अधिकारी हरपाल सिंह चौधरी को बनाया गया है।

### मेधावियों को नागरिक विचार मंच करेगा सम्मानित

कोटद्वार : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से एक नवंबर को बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने बताया कि सम्मान समारोह अटल आदर्श राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के सभागार में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़, डा. जेपी नवानी व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदशन सिंह बिष्ट, बुद्धि बल्लभ ध्यानी, मुकेश रावत, प्रकाश कोठारी होंगे। कार्यक्रम में जिला टिहरी से छात्र सुशांत चंद्र वंशी, शिल्पी, आस्था, देहरादून से आयुष रावत, हिमांशी रावत, हरिद्वार से कशिश कंडवाल, समीक्षा गर्ग, पौड़ी से माधवी नेगी, शोभित बिष्ट, रुद्रांशी डिमरी, ज्योत्सना, राखी सम्मानित होगे।

# बॉलीवॉल प्रतियोगिता में घोड़पाला मल्ला रहा अव्वल


आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा लैंसडौन के अंतर्गत राइंका रिखणीखाल के प्रांगण में भाजयुमो की ओर से खेल महाकुंभ के अंतर्गत बालीबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बॉलीवॉल में घोड़पाला मल्ला की टीम अव्वल रही।

प्रतियोगिता का आरंभ भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष नीरज पंत, कार्यक्रम संयोजक अमित नेगी, मण्डल महामंत्री अनिल हेमदानी और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार युवा खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार का प्रयास है कि खेल महाकुंभ के माध्यम से युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को उजागर किया जा सके। इस अवसर पर आयोजित बॉलीबाल प्रतियोगिता में घोड़पाला मल्ला व कबड्डी में रिखणीखाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेता व उपविजेता टीम को स्मृति चिह्न, सर्टिफिकेट व मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

### तीसरे स्थान पर रही कोटद्वार स्टेडियम की टीम

**कोटद्वार** : पिथौरागढ़ में 25 से 27 अक्टूबर तक आयोजित स्टेट बाक्सिंग चैंपियनशिप में कोटद्वार स्टेडियम के बाक्सरों ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर कोटद्वार सहित जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बाक्सरों ने नौ स्वर्ण, चार रजत व सात कांस्य पदक अपने नाम किए।

बाक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि विभिन्न भार वर्गों में सलमान, कुणाल राणा, संदीप सिंह, विशाल थापा, मानसी नेगी, अभिषेक, जय कन्याल और संदीप जोशी ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं धीरज कोरंगा, आयुष बिष्ट व राज सिंह ने रजत, दीपक नेगी, करन सिंह, मयंक नेगी, शालिनी, ह्दयेश बघरी, वैशाली और महक ने कांस्य पदक जीता। बाक्सरों की सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप सिंह बिष्ट, स्टेडियम प्रभारी संदीप डुकलान, क्रिकेट कोच सुधीर नेगी, बालीबाल कोच विक्रम सिंह और इंटरनेशल फुटबाल कोच सुनील रावत ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कांग्रेस ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

## सरकारी विभागों में हुई घोटालों के जांच की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रदेश सरकार के अब तक के शासन में हुए घोटालों की जांच में लीपापोती करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया है। इस बात से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडाचौक में नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

वक्ताओं ने कहा कि राज्य का कोई भी विभाग ऐसा नहीं है जो घोटाला मुक्त हो। निर्माण कार्यों से लेकर सभी जगह भाजपा नेताओं की मिली भगत से घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है।

उद्यान, वन व अन्य विभागों से लगातार घोटाले सामने आ रहे हैं, जिससे साबित होता है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। विभागीय घोटालों की एसआईटी जांच को लचर व सही नहीं मानते हुए उच्च न्यायालय ने सीबीआई से जांच कराने के निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी प्रदेश सरकार कोई कदम नहीं बढ़ा रही है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, रश्मि पटवाल, महावीर रावत, विजय माहेश्वरी, जनक भाटिया, शंकेश्वर सेमवाल, नईम अहमद, कमल बिष्ट और अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।


कोटद्वार के झंडाचौक में पुतला दहन करते कांग्रेसी

# नैनीडांडा के मोछण में सक्रिय बाघ को वन विभाग ने पकड़ा, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के नैनीडांडा ब्लॉक के बैडहाट मोछण में सक्रिय बाघ को पकड़ने में वन विभाग को सफलता मिली है। बीती रात को वन विभाग की टीम ने बाघ को ट्रैक्यूलाइज कर पकड़ लिया है। बाघ के पकड़े जाने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग ने राहत की सांस ली है।

बता दें कि बीती 3 अक्तूबर को बाघ ने बैडहाट गांव की महिला को मार दिया था, तब से वन विभाग की टीम यहां डेरा डाले हुई थी। बाघ को पकड़ने के लिए यहां ट्रैपिंग कैमरों के साथ ही ट्रैक्यूलाइज टीम को भी यहां तैनात किया गया था। शुक्रवार शाम को स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी थी कि केलधार के पास बाघ दिखाई दे रहा है। जिस पर विभागीय टीम ने मोर्चा संभाल लिया और रात में बाघ को ट्रैक्यूलाइज कर पकड़ने में सफल रहे। बीते छह महीने के भीतर इस क्षेत्र में अभी तक 3 बाघों को वन विभाग पकड़ा चुका है।

बाघ ने अप्रैल से लेकर अक्तूबर तक तीन लोगों की जान ली है। जांच में यह भी साफ हो गया था कि यह वही बाघ है जिसने भैडगांव में भी एक व्यक्ति को 15 अप्रैल को मार दिया था। ऐसे में बाघ के करीब छह महीने बाद यह दूसरा हमला भी था। बाघ को पकड़ने में वन विभाग को काफी चुनौतियों को सामना करना पड़ा। कालागढ़ टाइगर रिजर्व से सटे होने के कारण बाघ अक्सर यहां आ रहे है और हमलावर भी हो जा रहे हैं।

इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ गढ़वाल स्वनिल अनिरुद्ध ने बताया कि पकड़ा गया बाघ नर है। इसे रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है।

### करवा चौथ पर बाजार नहीं होगा बंद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : करवा चौथ के त्यौहार को देखते हुए 30 अक्तूबर को सतपुली बाजार की मासिक बंदी नहीं होगी। सम्पूर्ण बाजार खुला रहेगा। जानकारी देते हुए व्यापार संघ अध्यक्ष जयदीप नेगी ने बताया कि करवा चौथ के त्यौहार को देखते हुए व्यापार संघ ने यह निर्णय लिया है।

कहा कि नवंबर माह की 30 तारीख को होटल एवं आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बाजार मासिक बंदी के चलते बंद रहेगा।

# बाल भारती और डीएवी के मध्य आज होगी खिताबी भिड़ंत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शनिवार को शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति अन्तर विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता 10वें सीजन के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

डीएवी ने सैंट जोसफ कान्वेंट और बाल भारती ने जीआईसी कुंभीचौड़ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला डीएवी बनाम सैंट जोसफ कान्वेंट के बीच खेला गया। पहले हाफ में दीपांशु के दो गोल की बदौलत डीएवी ने मजबूत स्तिथि में रही।

वही दूसरे हाफ में आकाश और लक्की के बेहतरीन 2 गोल की बदोलत मुकाबला 4-0 से जीत फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में बाल भारती पब्लिक स्कूल और जीआईसी कुंभीचौड के बीच कांटे की टक्कर रही। बाल भारती ने मिलन रावत के निर्णायक गोल की बदौलत फाइनल में जगह पक्की की। मैच का आंखों देखा हाल तरुण ईष्टवाल ने सुनाया। आयोजक समिति के सिद्धार्थ रावत ने बताया गया कि फाइनल मुकाबला रविवार को 11 बजे से मिनी स्टेडियम मोटाढाक में बाल भारती और डीएवी के मध्य खेला जाएगा। इस मौके बाल भारती पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य गिरिराज रावत, नवयुग पब्लिक स्कूल के हुकुम सिंह नेगी, धीरेंद्र कंडारी, सुरदीप सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी 31 से

**सतपुली** : राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक किया जाएगा। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी लीलाधर पाण्डे ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं स्वच्छता ही सेवा पर विद्यालयों में प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्राईमरी स्तर पर चित्र प्रदर्शनी एवं जूनियर-सीनियर वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं पहले दिन खुले मंच से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## श्रीनगर में 5 नवंबर को पुरानी पेंशन बहाली के लिए होगी रैली

**पौड़ी** : पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आगामी पांच नवंबर को श्रीनगर में रैली निकाली जाएगी। शनिवार को एनएमओपीएस की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर श्रीनगर में होने वाली मंडलीय रैली में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के हिस्सा लेने को लेकर निर्णय लिया गया।

शनिवार को रामलीला मैदान में जिला मंत्री अनूप जदली के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सभी सदस्यों द्वारा 5 नवंबर की श्रीनगर गढ़वाल की मंडलीय रैली में बड़ी संख्या में हिस्सा लेने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला मंत्री अनूप जदली ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली के लिए पूरे देश का हर कर्मचारी आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। पेंशन ही एक कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है। मात्र 1 हजार से 15 सौ में कोई कर्मचारी कैसे अपना जीवन यापन कर सकता है। बैठक में अनूप गैरोला, प्रकाश गैरोला, सरिता राणा, वंदना थपलियाल, अंशु भट्ट, पवन लिंगवाल, भगत बिष्ट, विमल रावत, भरत मिया, सुशील नौटियाल, जयानंद नौडियाल, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### अंग्रेजी शराब के साथ एक पकड़ा

**पौड़ी** : कोतवाली पुलिस ने 75 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आारोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पौडी गोविंद कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान ढिक्काली मोड सिमखेत पुल पाबौ के पास से कुलभूषण निवासी ग्राम पीपली को 75 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में रविन्द्र भट्ट व दिगंबर आदि शामिल थे।

## एडीएम ने लगाया तीन दुकानदारों पर 90 हजार का अर्थदंड

**पौड़ी** : खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल होने के बाद न्याय निर्णायक अधिकारी एडीएम ने तीन दुकानदारों पर 90 हजार का अर्थदंड लगाया है। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्यौहारी सीजन को देखते हुए चेकिंग अभियान भी तेज कर दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खाद्य सामग्री में किसी भी प्रकार की मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का अनुपालन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला अभिहीत अधिकारी एएस रावत ने बताया कि बीते दिनों पौड़ी व कोटद्वार में खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए थे। जिसमें से पौड़ी व कोटद्वार में एक-एक दुकानदार के सामग्री के सैंपल लैब में फेल हो गए। जिस पर न्याय निर्णायक अधिकारी एडीएम की कोर्ट में वाद दायर किया गया था। बताया कि न्याय निर्णायक अधिकारी ने एक दुकानदार पर 15 हजार व दूसरे दुकान पर 35 हजार का अर्थदंड लगाया है। इसके साथ ही एक मीट व्यवसायी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन करने पर 40 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। जिला अभिहीत अधिकारी ने बताया कि दीपावली को देखते हुए जिले में नमूना संग्रहण के लिए टीम बना दी गई है। यह टीम जिले भर में दुकानों का औचक निरीक्षण कर सैंपल लेगी।

# भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ हुआ रामलीला महोत्सव 2023 का समापन




अल्मोड़ा। श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोडा में महिलाओं द्वारा मंचित दो दिवसीय सम्पूर्ण रामलीला, भरत मिलाप, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के राज्याभिषेक तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ रामलीला महोत्सव 2023 का विधिवत समापन हुआ। रामभक्तों, दर्शकों ने राम राज्याभिषेक के मनोरम दृश्य का आनन्द लिया। सर्वप्रथम इस वर्ष की रामलीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हेमा पुरोहित प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, शेख प्यारी जान राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस, सोनसिंह रावत प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल, शोभा जोशी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, प्रकाश रावत प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी, कैप्टन बाजपेई एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और वे कुशल गृहणी के रूप में घरों को सँभालने के साथ –साथ मंच के माध्यम से समिति की इस अनोखी पहल को सार्थक करने हेतु अपना श्रेष्ठ योगदान निरन्तर प्रदान कर रही हैं।

इसके लिये उन्होंने रामलीला समिति के संरक्षक बिट्टू कर्नाटक तथा पूरी समिति को बधाई प्रेषित करते हुये उनके इस प्रयास की सराहना की। महिलाओं द्वारा मंचित दो दिवसीय रामलीला के समापन में अतिकाय वध, अंगद–रावण संवाद, मेघनाद–लक्ष्मण संवाद, मेघनाद वध, रावण–कुम्भकर्ण संवाद, कुम्भकरण वध, रावण अहिरावण संवाद, हनुमान–मकरध्वज संवाद, अहिरावण वध आदि ने मुख्य अतिथि तथा दर्शकों को देर रात्रि तक रामलीला मैदान में बांधे रखा। कलाकारों ने रामलीला मैदान में उपस्थित तथा आन–लाईन डिजिटल माध्यम से जुडे दर्शकों से खूब वाही वाही बटोरी। समापन पर श्री राम के राज्याभिषेक का मंचन किया गया और राम दरबार की आरती ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

समापन अवसर पर समिति द्वारा सभी कलाकारों, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार का वितरण किया गया। समिति के संरक्षक बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि समिति निरन्तर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं को जोडने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहेगी।

## नशे के खिलाफ अब बच्चे चलायेंगे मुहिम

बागेश्वर। नशे के खिलाफ बागेश्वर जिले में नई मुहिम शुरू होने जा रही है। पहले चरण में स्कूली बच्चे बतायेंगे कि समाज में नशा क्यों फैल रहा है और उसे कैसे जड़ से उखाड़ा जा सकता है। नशे के खिलाफ मुहिम की नई शुरूआत संवाद वैलफेयर सोसायटी की ओर से की गयी है। इसके लिये जिले के 11 इंटरमीडिएट स्तर तक के विद्यालयों से करीब 25 बच्चों का चयन किया गया है। 29 अक्टूबर को होने वाले पहले चरण की भाषण प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे ही बतायेंगे कि समाज में नशे की प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है। वो कौन कौन से कारण है जिससे बच्चे नशे के आदी हो जाते हैं। भाषण प्रतियोगिता में बच्चे ये भी बतायेंगे कि स्कूली बच्चों को नशे से कैसे दूर रखा जा सकता है। संवाद वैलफेयर सोसायटी की ओर नशा एक अभिशापः समाधान की संभावनायें विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडलसेरा, महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलौना, कंटीवाइडट पब्लिक स्कूल कठायतबाड़ा, मिशन स्कूल इंटरमीडिएट स्कूल नुमाइसखेत, सरस्वती शिशुमंदिर इंटरकॉलेज नुमाइसखेत, आनंदी एकेडमी घिरौली, राजकीय इंटर कॉलेज मंडलसेरा, पं0 बदरीदत्त राजकीय इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय बागेश्वर, जिम कार्बेट इंटरमीडिएट और राजकीय कन्या इंटरकॉलेज के छात्र छात्रायें प्रतिभाग कर रहीं हैं। प्रतियोगिता का पहला चरण 29 अक्टूबर को नगर पालिका सभागार में आयोजित होगा। पहले चरण में सफल प्रतियोगियों को 5 नवंबर को आयोजित होने वाली दूसरे चरण की प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। प्रतियोगिता में सफल पांच छात्र–छात्राओं को राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। सोसायटी के अध्यक्ष के अनुसार प्रतियोगिता के दोनों चरणों के लिये विषय विशेषज्ञों को निर्णायक नियुक्त किया गया है। भाषण प्रतियोगिता में शामिल प्रतियोगियों का अंतिम चयन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जयेन्द्र सिंह की देखरेख में पांच नवंबर को आयोजित किया जायेगा।

## महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में नेहा बेलवाल मूल जंगलियागांव भीमताल हाल मधुवन कॉलोनी विहार ने कहा है कि उसके पति आये दिन गाली गलौज कर मारपीट करते हैं। घर में खर्चे के लिए पैसे भी नहीं देते हैं। आरोप है कि 4 अक्टूबर को उसके पति ने मारपीट में उसका हाथ तोड़ दिया। बेस अस्पताल में उपचार के बाद महिला ने पुलिस को तहरीर दी। एसओ प्रमोद पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



अल्मोड़ा। महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर नगर के शिखर तिराहा पर महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति का विधायक मनोज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, पूर्व राज्य मंत्री सिकंदर पवार द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया। वहीं शाम को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के माल रोड, लाला बाजार, चौक बाजार, कारखाना बाजार, कचहरी बाजार, गंगोला मुहल्ला थाना बाजार तक गई। इससे पूर्व नगर के विभिन्न मोहल्लों से झांकियां शिखर तिराहे के समीप पार्किंग के समक्ष एकत्र हुई। शोभायात्रा में झांकियों में बज रहे डीजे भी आकर्षण का केंद्र रहे। झांकियों में बाल लव–कुश की झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं। वहीं शोभायात्रा में राम–लक्ष्मण, भगवान शिव, माता काली, हनुमान की झांकियां भी निकाली गईं। पूर्व राज्यमंत्री सिकंदर पवार ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना से उनकी वर्षों की मांग पूरी हुई है। यहाँ इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व राज्य मंत्री सिकंदर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी, ईओ नगर पालिका भरत त्रिपाठी, अमरेश पवार, नीरज पंवार, राजपाल, पूर्व सभासद मनीष जोशी, जगमोहन बिष्ट सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## देवीधुरा में नौवें दिन भी छात्रों का धरना जारी



चम्पावत। देवीधुरा डिग्री कॉलेज में छात्रसंघ और एबीवीपी कार्यकर्ताओं का धरना जारी है। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती वे धरने पर डटे रहेंगे। शुक्रवार को भी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों का धरना जारी रहा। छात्रसंघ अध्यक्ष देवेंद्र भट्ट ने कहा कि वह लोग इसी सत्र से पीजी कक्षाओं का संचालन करने, कॉलेज को जोड़ने वाली का निर्माण करने, स्नातक में नए विषय खोलने, अर्थशास्त्र के शिक्षक की तैनाती करने और पुस्तकालय में पर्याप्त पुस्तक की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। छात्रसंघ व एबीवीपी के छात्रों ने लगातार उनकी मांगों को नजरअंदाज करने की बात कही। कहा कि छात्र हितों का सराकर उत्पीड़न कर रही है। यहां महासंघ सचिव अल्मोड़ा अर्जुन बिष्ट, अभाविप कार्यकर्ता सुदीप चम्याल, पंकज सिंह चम्याल, अमित कुमार, दीपेश भट्ट, सरिता रावत रहे।

## ऑनलाइन सामान बुक कराने का झांसा देकर 21 हजार ठगे

काशीपुर। ऑनलाइन सामान बुक कराने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 21435 रुपए की राशि हड़प ली। गणपति इंकलेब साकेत विहार निवासी सुरेंद्र प्रसाद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्टरी में काम करता है। 03 फरवरी को उसके मोबाइल पर कॉल आई। कालर ने खुद को जे सिल्वर फॉयल कटेर का कर्मचारी बताते हुए उसने ऑनलाइन सामान बुक कराने का ऑफर दिया। इस पर उसने कालर द्वारा भेजे गए बारकोड पर अपने खाते से 21435 रूपये भेज दिए। उसने 06 फरवरी को सामान की डिलीवरी होने की बात कही। लेकिन सामान नही पहुंचा। फोन करने पर उसने सामान पहुंचाने में देरी होने की बात कही,

## लंबित मांगों पर सकारात्मक घोषणा नहीं हुई तो राज्य आंदोलनकारी करेंगे आंदोलनः डालाकोटी

अल्मोड़ा। राज्य सरकार ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की लंबित मांगों पर राज्य स्थापना दिवस 9 नवंबर से पूर्व पर कोई सकारात्मक घोषणा नहीं की तो राज्य आंदोलनकारी राज्य स्थापना दिवस के सरकारी कार्यक्रमों में नहीं जाएंगे यह बात यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में राज्य आंदोलनकारी ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कही।उन्होंने कहा राज्य स्थापना दिवस पर भी सरकार मौन ही रही तो राज्य आंदोलनकारी सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूकने को मजबूर हो जायेंगे। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं घोषणा कर रहे हैं सभी आंदोलनकारियों को समान पेंशन दी जाएगी पर दे नहीं रहे। यही नहीं अल्मोड़ा जनपद की अनेक तहसीलों में इस वित्तीय वर्ष की पेंशन अभी तक नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री जी ने 2 वर्ष पूर्व आश्रितों को पेंशन की घोषणा की जो आज तक नहीं मिली, क्षैतिज आरक्षण के मामले को सरकार किसी न किसी बहाने टालती जा रही है। सरकार द्वारा जो स्वास्थ्य, परिवहन, आश्रितों को निशुल्क शिक्षा जैसी कुछ सुविधाएं दी हैं वे आधी अधूरी हैं जिससे उनका पूरा लाभ राज्य आंदोलनकारियों को नहीं मिल पा रहा है। चिन्हीकरण से वंचित आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण का मामला भी सरकार राज्य बनने के 23 वर्ष बाद भी हल नहीं कर पा रही है। राज्य आंदोलनकारियों द्वारा भेजे जा रहे पत्रों पर भी शासन–प्रशासन स्तर से कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे राज्य आंदोलनकारी स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। डालाकोटी ने कहा कि इस संबंध में अल्मोड़ा जनपद के राज्य आंदोलनकारियों की शीघ्र बैठक बुलाई जायेगी और आन्दोलन की रणनीति तय की जाएगी।

## शिविर में दी बाल अपराध की जानकारी

बागेश्वर। एसओजी और एएचटीयू ने आदर्श प्राथमिक विद्यालय नदीगांव में शिविर आयोजित किया।

यह शिविर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के सहयोग से हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कानूनी जानकारी दी गई।

## वाल्मीकि शोभा यात्रा में झांकियों ने मोहा मन



हल्द्वानी। वाल्मीकि सभा ने भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ शशि बाला, रोहित कुमार रहे। पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने कहा भगवान वाल्मीकि ने रामायण और योग वसिष्ठ जैसे महान तथ्यों को रचा और विश्व को सभी मार्गों में चलने का मंत्र दिया। सेनिटोरियम के भगवान वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई रानीखेत रोड़ वाल्मीकि मंदिर में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा जहां से निकली श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। बैण्ड बाजे के साथ आकर्षक झांकियों ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। छोटे–छोटे बच्चे भगवान वाल्मीकि का रूप धारण कर झाकियों में शामिल हुए।

राधा कृष्ण की वेषभूशा में सुंदर नृत्य कर रहे कालाकारों का सभी ने आनंद उठाया। नृत्य कर रहे कलाकारों के करतब देख सभी श्रद्धालु उत्साहित हो उठे। शिव जी की टोली का रूप धरे कालाकारों का शिव नृत्य देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। इस दौरान वाल्मीकि सभा अध्यक्ष राजन लाल, पंकज अद्वेती, रोहित कुमार, मोहन सिंह बिष्ट, नीमा बिष्ट, दयाल आर्य, प्रकाश आर्य, किशन अधिकारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पाण्डे, संजय जोशी, खजान भट्ट, लवेंद्र बोरा नीरज सिंह अधिकारी बालम सिंह मेहरा, आजू चौधरी, जगमोहन, शुष्पाल, बाबूलाल, राजा राम, वर्जमोहन जोशी, गजेंद्र सिंह रौतेला, अभिषेक मेहता आदि रहे।

## बाघ की मूवमेंट को ट्रैक करने हेतु लगाए कैमरा

हल्द्वानी। नौकुचियाताल क्षेत्र के ग्राम सभा चनौती में दिख रहे बाघ की मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए वन विभाग ने क्षेत्र में 8 कैमरा लगा दिए है।

बीते कुछ दिनों से बाघ फिर ग्रामीण क्षेत्रों में नजर आ रहे हैं। ग्राम प्रधान आरती भट्ट ने वन विभाग को सूचित कर क्षेत्र में गश्त और कैमरा लगाने की मांग की थी।

जिसके चलते वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है। साथ ही आठ कैमरे लगा दिए है। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया बाघ फिर दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया है। और कैमरा भी लगाए गए हैं। फिल्हाल अभी कोई मूवमेंट ट्रैक नहीं हुई है।

## इन्फेंट्री दिवस के मौके पर पूर्व सैनिकों ने बैठक कर सेना के कौशल, वीरता एवं अदम्य साहस पर चर्चा की

चम्पावत। बनबसा –गौरव सेनानी कल्याण समिति पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद की अध्यक्षता में इन्फेंट्री दिवस के मौके पर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल बीबी पाल ने पूर्व सैनिकों को इन्फेंट्री दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने भारतीय सेना की वीरगाथा बताते हुए कहा कि 27 अक्टूबर 1947 भारतीय पैदल सेना कि बटालियनों ने पाकिस्तान की सेना जो की कव्वालियों के भेष में भारत की सरहद जम्मू कश्मीर में घुसपैठ करके कब्जा करना चाहती थी उन्हें भारतीय सेना ने धूल चटा कर जम्मू कश्मीर से खदेड़ दिया। समिति के सचिव कैप्टन गोविंद बल्लभ भट्ट सचिव ने अपने संबोधन में इस युद्ध में भाग लेने वाली फर्स्ट कुमाऊं राइफल/वर्तमान में ,3ईं ,पैरा रेजीमेंट के सूबेदार आम बाग टनकपुर निवासी स्वर्गीय चंद्री चंद के कुशल नेतृत्व और अदम्य साहस को देखते हुए जीवित रहते हुए वीर चक्र से नवाजा यह कुमाऊं रेजीमेंट और इस क्षेत्र के नागरिकों के लिए गर्व का विषय है।

समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद ने अपने संबोधन में उपस्थित पूर्व सैनिकों को बताया कि भारतीय पैदल सेना अपनी वीरता धीरता, रण कौशल और आत्म अनुशासन मैं दुनिया की सबसे सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में गिनी जाती है। दुनिया की कोई भी सेना भारतीय सेना के सामने युद्ध में टिक नहीं सकती हैं। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह अधिकारी, पुष्कर दत्त कपड़ी, भोला दत्त भट्ट, सूबेदार बुद्धि बल्लभ पांडे, कैप्टन प्रेमचंद, सूबेदार चंद्र बल्लभ, पी एन जोशी, रूद्रीचंद, जंग बहादुर थापा, लक्ष्मण सिंह आदि तमाम पूर्व सैनिक मौजूद रहे '

## पनुवानौला में नारद मोह के साथ रामलीला शुरू

अल्मोड़ा। धौलादेवी ब्लॉक के पनुवानौला में रामलीला महोत्सव शुरू हो चुका है रामलीला महोत्सव के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि दन्या थाना अध्यक्ष जसविंदर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। रामलीला के प्रथम दिवस में नटी–सूत्रधार प्रवेश, रावण, कुंभकरण एवं विभीषण तपस्या, शिव द्वारा वरदान, रावण का कैलाश पर्वत उठाना, रावण त्रास, मुनि की तपस्या ,राजा दशरथ का पुत्रेष्टि यज्ञ, राम जन्म, राजा जनक का हल चलाना एवं सीता जन्म आदि प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष जसविंदर सिंह द्वारा लोगों को आजकल हो रही ऑनलाइन ठगी से कैसे बचा जाए उसके बारे में बताया गया एवं आजकल के युवाओं में हो रही नशे की प्रवृत्ति को लेकर चिंता जताई तथा उससे दूर रहने की सलाह दी। रामलीला में शिव की भूमिका में रवि बनौला, पार्वती संजय नेगी, नारद विनोद वर्मा, रावण हेमंत शाह, कुंभकरण पूरन पांडे, विभीषण अमित जोशी, दशरथ प्रकाश जोशी एवं जनक की भूमिका में कुंदन सिंह गैड़ा रहे।

## 27वें दिन भी धरने में डटे रहे विक्रेता



पिथौरागढ़। सीमांत में मानदेय और पुराने लंबित बिलों के भुगतान को लेकर सस्ता गल्ला विक्रेताओं का धरना 27वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को अध्यक्ष मनोज पांडेय के नेतृत्व में विक्रेताओं ने टकाना पहुंचकर नारेबाजी करते हुए धरना–प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से विक्रेताओं को मानदेय दिए जाने को लेकर समिति संघर्षरत है। अब तक उन्हें राहत नहीं मिली है। कहा कि जब तक सरकार उनक मांगों को लेकर सकारात्मक कदम नहीं उठाती व आंदालन जारी रखेंगे। धरना देने वालों में कैलाश चंद्र जोशी, ललित सिंह महर, कैलाश उप्रेती, भागीरथी बिष्ट, अनिल जोशी, संतोष पंत, कैलाश पुनेठा, कमला टम्टा, भूपाल कापड़ी, लक्ष्मण गिरी, गोविंद तरागी, भवानी देवी मौजूद रहे।

## अवैध रेत से भरी पिकप पकड़ी

पिथौरागढ़। बलुवाकोट पुलिस ने अवैध खनन सामाग्री से भरी पिकप पकड़ी है। थानाध्यक्ष अनिल आर्या के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान मार्ग में आवाजाही कर रही पिकप संख्या यूके05टीए 4075 को पुलिस ने रोका।

जांच के दौरान चालक बगैर वैध दस्तावेजों के रेत परिवहन करता हुआ पाया गया। पुलिस ने खान व खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज किया और चालक को निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

## पुलिस ने खोया मोबाइल लौटाया



चम्पावत। बनबसा –शुक्रवार को नेपाली नागरिक आज दिनाँक कृष्ण सबकोटा पुत्र बालकृष्ण निवासी देबदाहा उपेन्देही लुम्बिनी नेपाल ने थाने में बस अड्डे क्षेत्र में मोबाइल खोने की सूचना दी। पुलिस हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र बिष्ट ओर जगदीश कन्याल द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ कर व क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कुछ ही समय में खोए हुए मोबाइल आई फोन 14 प्रो को बरामद कर मोबाइल स्वामी को दे दिया।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से प्रसन्न होकर विदेशी नागरिक द्वारा बनबसा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# वीआईपी श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से चारों धाम में चहल पहल






चमोली। जैसे–जैसे बदरीनाथ केदारनाथ और गंगोत्री यमुनोत्री के कपाट बंद होने की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे–वैसे आम श्रद्धालुओं के साथ–साथ वीआईपी भक्तों की भी संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है। आलम यह है कि पांच राज्यों में होने वाले चुनाव को लेकर कई नेता तो पूरे लाव लश्कर के साथ उत्तराखंड के चारधाम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं ।कई नेता चुपचाप भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ के दर पर पहुंच कर अपनी जीत की कामना कर रहे हैं।

कहते हैं भगवान अपने भक्त को कभी निराश नहीं करते। उनके दर पर पहुंचने वाला हर इंसान जब वापस लौटता है, तो उसे यह उम्मीद होती है कि भगवान उसकी मनोकामना पूरी करेंगे। इसी कामना के साथ कपाट बंद होने से पहले कई नेताजी बदरीनाथ और केदारनाथ में माथा टेक रहे हैं। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है। हर चुनाव आने से पहले नेताजी ऐसे ही मंदिरों में आते और जाते रहते हैं जहां की महिमा और चमत्कार सार्वजनिक हैं। केदारनाथ आपदा के बाद चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तो बढ़ी ही है, साथ ही वीआईपी भक्तों की संख्या भी खूब बढ़ी है। बदरी केदार मंदिर समिति की मानें तो रोजाना ऐसे लोगों का आना बदरीनाथ और केदारनाथ में हो रहा है, जिन्हें अलग–अलग पार्टियों से टिकट मिले हैं। इतना ही नहीं बॉलीवुड से लेकर क्रिकेट जगत की दुनिया के स्टार भी कपाट बंद होने से पहले भगवान से आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे हैं।

कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे बदरीनाथ केदारनाथ धाम बीते 4 दिन पहले ही मध्य प्रदेश के चुनाव उम्मीदवार और बीजेपी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय भी अचानक केदारनाथ और बदरीनाथ पहुंच कर पूरे भक्ति भाव में दिखे। देहरादून से हवाई यात्रा कर पहले कैलाश विजयवर्गीय भगवान केदारनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। उसके बाद उन्होंने भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए। मध्य प्रदेश में होने वाले चुनाव से पहले भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी और पार्टी की जीत की कामना की।

अखिलेश ने भी लिया भगवान का आशीर्वाद इसी महीने 24 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव भी अपने परिवार के साथ उत्तराखंड पहुंचे थे। पत्नी डिंपल यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उत्तराखंड पहुंचे अखिलेश यादव ने न केवल भगवान बदरीनाथ धाम के दर्शन किए, बल्कि देवप्रयाग स्थित संगम में पहुंचकर एक विशेष पूजा अनुष्ठान में भी हिस्सा लिया। अखिलेश यादव का भी कार्यक्रम उत्तराखंड पहुंचने का अचानक ही बना था। हालांकि उन्होंने बदरीनाथ और केदारनाथ के कब दर्शन किए और कितनी सुबह वह दर्शन करके वापस लौट आए, यह जानकारी ज्यादा लोगों को नहीं लगी। बताया जा रहा है कि एक विशेष पूजा के लिए अखिलेश यादव अपने परिवार के साथ उत्तराखंड और खासकर बदरीनाथ धाम में पहुंचे थे। अखिलेश यादव भी पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे में अपने बिजी शेड्यूल से उन्होंने न केवल समय निकालकर भगवान की भक्ति की, बल्कि दो दिन उत्तराखंड में भी बिताए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हाल ही में बदरीनाथ और केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचे थे। योगी आदित्यनाथ उत्तराखंड में एक बैठक के लिए पहुंचे थे। उन्होंने अपने कार्यक्रम को कुछ इस तरह से तैयार किया था कि वह केदारनाथ और बदरीनाथ में भी माथा टेक सकें। ऐसे में यूपी के सीएम योगी ने न केवल केदारनाथ में समय बिताया, बल्कि बदरीनाथ में रात्रि विश्राम भी किया। इस दौरान सीमा पर तैनात सैनिकों से भी मुलाकात की। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी चुनाव की तारीख जिस दिन घोषित हुई, उसी दिन उत्तराखंड में गंगा किनारे अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। शिवराज सिंह चौहान ने ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में समय बिताया। शिवराज सिंह चौहान हरिद्वार के शांतिकुंज भी पहुंचे। शांतिकुंज में पूजा अर्चना की। शिवराज सिंह चौहान का भी यही कहना था कि वह चुनाव प्रचार शुरू करने से पहले गंगा के तट पर आकर पूजा अर्चना करना चाहते थे।

केंद्र की भाजपा सरकार में महत्वपूर्ण पेट्रोलियम एवं श्रम विभाग संभाल रहे रामेश्वर तेली ने भी गुरुवार को बदरीनाथ धाम पहुंचकर माथा टेका था। केंद्रीय मंत्री के बदरीनाथ पहुंचने के बाद ही सभी को यह मालूम हुआ कि मंदिर में केंद्रीय मंत्री पहुंचे हुए हैं। यहां पर उन्होंने लगभग एक घंटा पूजा अर्चना की और फिर वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए। भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ के दर्शन के लिए नेताओं के अलावा अन्य सेलिब्रिटी और जानी–मानी हस्तियां भी पहुंच रही हैं। क्रिकेटरों की बात करें तो एक्सीडेंट में घायल होने के बाद तेजी से रिकवरी कर रहे ऋषभ पंत ने भी हाल ही में भगवान केदारनाथ और बदरीनाथ के दर्शन किए थे। वहीं सुरेश रैना ने भी बाबा केदार और भगवान बदरीनाथ के दरबार में माथा टेका था। अगर बात फिल्मी कलाकारों की करें तो अक्षय कुमार, रानी मुखर्जी और जैकलीन फर्नांडिस के साथ–साथ कई बड़े कलाकारों ने भी इस साल भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ के दरबार में माथा टेका है। 27 अक्टूबर को ही देश के उपराष्ट्रपति ने भी भगवान का आशीर्वाद लिया है। वहीं अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भगवान केदारनाथ के दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं।

बदरी केदार मंदिर समिति के सदस्य आशुतोष डिमरी ने समाचार एजेंसी आरएनएस को बताया कि कपाट बंद होने की तारीख जैसे जैसे नजदीक आएगी, दर्शन के लिए वीआईपी लोगों की संख्या बढ़ जाएगी। अभी भी लोगों को यही लगता है कि इन दिनों में भीड़ कम होगी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। उत्तराखंड में चारधाम के मंदिरों में अब हमेशा भीड़ रहती है। हां सीजन में ये संख्या अधिक हो जाती है।

## श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में प्रदेश स्तरीय कान्फ्रेंस आज से

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में एनेस्थीसिया एवं उत्तराखंड सोसायटी आफ एनेस्थीसियोलाजिस्ट (उक्सा) के तत्वावधान में आईएसए सेन्ट्रल जोन एवं उत्तराखंड स्टेट द्वारा शनिवार से दो दिवसीय कान्फ्रेंस शुरु होगी। इसमें देश के विभिन्न प्रान्तों से 200 से अधिक विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। साथ ही एनेस्थीसिया में आधुनिक व अपडेटेड सेमिनार, वर्कशॉप, हैंड्स आन ट्रेनिंग, प्लेनरी सेशन, रिसर्च पेपर व पोस्टर प्रजेंटेशन व अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एनेस्थसिया विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डा. अजेय विक्रम सिंह ने कहा कि कान्फ्रेंस का उद्घाटन एचएनबी उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विवि के कुलपति प्रो. हेम चन्द्रा द्वारा किया जाएगा। कहा कि उत्तराखंड राज्य के पहले मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में उत्तराखंड की यह पहली जोनल कान्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। यह कान्फ्रेंस चिकित्सकों व अध्ययनरत पी.जी. इन्टर्न व एम.बी.बी.एस. छात्र-छात्राओं के लिए एनेस्थीसिया में नई स्किल व तकनीकों से लाभान्वित करने वाली होगी। आयोजन चेयरमैन प्रो. सुरिन्द्रर सिंह ने बताया कि कान्फ्रेंस में देश के उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड सहित अन्य प्रांतों के 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। प्राचार्य डा. सीएमएस रावत ने बताया कि कान्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य विशेषज्ञ एनेस्थेटिक चिकित्सकों व अध्ययनरत पीजी विधार्थियों द्वारा अपडेटेड नया ज्ञान व नया कौशल ग्रहण कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करना होगा। (एजेंसी)

### श्रीमद् भागवत कथा 15 नवंबर से

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्राम चोपड़ा में आगामी 15 से 22 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि 15 नवंबर को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी। आचार्य शिव प्रसाद मंमगाई (ज्योतिष पीठ बद्रिकाश्रम पदलंकृत एवं पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखण्ड) कथा वाचन करेगें। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की।

### 8 नवंबर तक खेल अभ्यास प्रतिबंधित

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर इंडोर स्टेडियम में सत्र 2023-24 की अंतर महाविद्यालय जूडो (महिला/पुरुष) एवं कुश्ती (महिला/पुरुष) 1 से 6 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी। इस दौरान इंडोर स्टेडियम में वर्तमान में पंजीकृत समस्त खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु प्रतिबंधित रहेगा। वहीं दूसरी ओर चौरास परिसर में होने वाले गढ़वाल विवि के दीक्षांत समारोह को देखते हुए स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 29 अक्तूबर से 8 नवंबर तक सभी प्रकार की खेल गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है। विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक मोहित सिंह बिष्ट ने बताया कि 9 नवंबर से सभी प्रकार की खेल गतिविधियां पूर्ववत संचालित की जाएंगी। (एजेंसी)

## कोठा पंजिया मार्ग पर सुधारीकरण न होने से मार्ग बदहाल



विकासनगर। बरसात के समय भारी वर्षा होने के कारण जौनसार बावर क्षेत्र के अधिकांश मोटर मार्ग भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

तब विभागों द्वारा मोटर मार्गों पर आवाजाही बंद न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी, लेकिन बरसात समाप्त होने के बाद ठंड शुरू हो गई है। फिर भी विभागों ने सड़कों के सुधारीकरण की दिशा में अब तक काम शुरू नहीं किया है। साहिया क्षेत्र में बरसात के दौरान कोठा पंजीया मोटर मार्ग तीन स्थानों पर भारी मलबा व भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुआ। लेकिन विभाग ने अब तक मार्ग के सुधारीकरण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। सकनी गांव के समीप भारी भरकम मलबा मोटर मार्ग पर पड़ा हुआ है तीन चार पेड़ भी मलबे के साथ सड़क पर आ चुके है। जिससे मार्ग पूरा मलबे से ढक चुका है। वाहनों को चलाने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने जेसीबी लगाकर थोड़ी मिट्टी हटाकर छोड़ दिया था। जिस पर लोड वाहनों का जाना खतरे से खाली नहीं है। पंजिया गांव के पास भूस्खलन से मार्ग धंस चुका है जहां पर विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की गई है लेकिन कोई सुरक्षा दीवार नहीं बनाई गई है। क्षेत्र के ग्रामीण पूरण सिंह पंवार, कुंदन चौहान, श्याम सिंह, मातबर पंवार, राजेश, विनोद, बबलू, कृपाराम आदि का कहना है कि ग्रामीणों ने कई बार विभाग को इसकी सूचना दी है। लेकिन विभाग सुधारीकरण के कार्य नहीं कर रहा है। जिससेर क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेवानी दी है कि विभाग जल्द सुधारीकरण का कार्य नहीं करता तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पीएमजीएसवाई कालसी के कनिष्ठ अभियंता नावेद अंसारी ने बताया कि कोठा–पंजिया मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए एस्टीमेट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही सुधारीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## छात्रों से की लोक भाषा, संस्कृति और परिधान को आगे बढ़ाने की अपील

श्रीनगर गढ़वाल : कान्वेंट स्कूल श्रीनगर में केदारखंड से मानसखंड एक नंबर उत्तराखंड थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, उत्तराखंडी लोक पर्व नंदा देवी राज जात के साथ ही एक निजी रेडियो के आरजे काव्या की प्रंस्तुतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में आरजे काव्या ने छात्र-छात्राओं को जीएसटी बिल के महत्व के बारे में बताया। साथ ही छात्र-छात्राओं से अपनी लोक भाषा, संस्कृति और परिधान को संरक्षित कर आगे बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में अपने सुझाव दिए गए। जिसमें नायसा घिल्डियाल, मिमांशा कोठियाल, रिजा, स्वर्णिमा, शमी, सानवी बहुगुणा व प्रियांशी भट्ट आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य, तनुश्री व श्रेया पुरोहित ने किया। कार्यक्रम समंवयक नीलेश थपलियाल, हरीश तिवारी, दीपिका खन्ना रहे। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर शोभिता व प्रबंधक जोंस वर्गिस ने कार्यक्रम को छात्रों के लिए मार्गदर्शन करने वाला बताया। (एजेंसी)

### श्रीनगर को स्वच्छ बनाने में कोतवाल करेगें सहयोग

श्रीनगर गढ़वाल : स्वच्छ भारत के ब्रांड एम्बेसडर डा. बीपी नैथानी ने श्रीनगर कोतवाली प्रभारी विनोद गुसांई से मिलकर स्वच्छता अभियान में सहयोग मांगा। इस मौके पर उन्होंने नव नियुक्त कोतवाल का स्वागत भी किया।

स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर डा. बीपी नैथानी ने कहा कि वह श्रीनगर, पौड़ी, टिहरी सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग नौ सालों से स्वच्छता अभियान चला रहें है। जिससे नगर क्षेत्र के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता देखने को मिली है। कहा कि श्रीनगर कोतवाल विनोद गुसांई देहरादून क्लेमन टाउन थाने के प्रभारी रह कर जिस तरह से उन्होंने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया उसी प्रकार स्वच्छता अभियान में सहयोग देंगे तो श्रीनगर भी स्वच्छता के क्षेत्र में आगे रहेगा।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी ने स्कूल प्रशासन पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग विकासखंड के अंतर्गत भडोली गांव निवासी खुशाल सिंह कंडारी ने राजकीय इंटर कालेज सिंवलीधार प्रशासन पर मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है। इस संदर्भ में उन्होंने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि वे दफ्तरी पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन उनके सेवाकाल के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज सिंवालीधार में जमा की सेवा पंजिका को सेवानिवृत्त के बाद विद्यालय प्रशासन द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को नहीं भिजवाया गया। इस कारण उन्हें पेंशन का पूरा लाभ नहीं मिला पाया है और उन्हें आर्थिक और मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कहा कि उन्होंने कई बार सिंवालीधार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य से निवेदन किया, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रवीण भट्ट ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। (एजेंसी)

## काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा उत्तरकाशी में पशुपालकों से मिलेंगे

उत्तरकाशी। काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा रविवार से अगले तीन दिनों तक उत्तरकाशी जिले के भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान बहुगुणा जिले के विभिन्न स्थानों पर पशुपालकों से भेंट, जन संवाद एवं विभागीय योजनाओं व कांजी हाउस का निरीक्षण करने के साथ ही जिला मुख्यालय पर विभागीय समीक्षा बैठक भी लेंगे। तय कार्यक्रमानुसार राज्य के पशुपालन, दुग्ध विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा रविवार सुबह 10: 30 बजे डामटा में मन की बात कार्यक्रम के 106वां संस्करण में प्रतिभाग करने के साथ ही स्थानीय पशुपालकों से संवाद एवं कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता करेंगे। इसके बाद दोपहर ढाई बजे तियां थोलधार पहुंचकर जन संवाद करेंगे। बहुगुणा अपराह्न 4 बजे पुरोला पहुंचेंगे और लोनिवि अतिथिगृह में स्थानीय पशुपालकों के साथ जन संवाद और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद बड़कोट में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन सोमवार को बहुगुणा बड़कोट में निराश्रित पशुओं की गौशाला का भ्रमाण करने के बाद सरनौल गांव जाकर गोटवैली योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे। इसी दिन कैबिनेट बैठक में ऑनलाईन प्रतिभाग करने के बाद 4 बजे ब्रह्मखाल में पशुपालकों एवं कार्यकर्ताओं से भेंटकर करने के बाद रात्रि प्रवास हेतु उत्तरकाशी पहुंचेंगे। अगले दिन मंगलवार को गुफियारा स्थित कांजी हाउस के साथ ही फोल्ड गांव में डेयरी समिति और सिंगोट गांव में मत्स्य हैचरी का निरीक्षण करने के बाद जिला मुख्यालय पर विभागीय समीक्षा बैठक एवं प्रेस वार्ता करेंगे।

### समिति की गोष्ठी 31 को

कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति की ओर से स्व. सरोजनी देवी की पुण्य तिथि पर 31 अक्टूबर को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। तत्पश्चात पहाड़ के अनुकूल भू–कानून व चकबंदी विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। सर्वोदयी नेत्री शशि प्रभा रावत की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम में चकबंदी प्रणेता गणेश सिंह गरीब मुख्य वक्ता होंगे। यह जानकारी समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने दी।

## विदेशी वन अधिकारियों ने वन्य जीव सरंक्षण के काम देखे

हरिद्वार। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की चीला रेंज में यूनाइटेड नेशन फॉरेस्ट फोरम से जुड़े हुए वन अधिकारियों ने चीला रेंज का भ्रमण किया। लगभग 30 देश से जुड़े वन अधिकारी इन दिनों उत्तराखंड दौरे पर हैं।

शनिवार सुबह देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट से इन अधिकारियों का दल राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज में पहुंचा। चीला रेंज में इन्होंने राजाजी टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा लगाई गई वन्यजीवों से सम्बंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इको विकास समितियों द्वारा निर्मित उत्पादों के संबंध में भी इन्होंने जानकारियां हासिल कीं।

पार्क के उच्च अधिकारियों ने उन्हें पार्क से संबंधित डॉक्यूमेंट्री दिखाकर यहां किया जा रहे कार्यों व वन्य जीव संरक्षण व संवर्धन की चुनौतियां से रूबरू कराया। राज्य के चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन समीर सिन्हा ने टाइगर प्रोजेक्ट व एलीफेंट प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारियां साझा कीं।

वहीं यूनाइटेड नेशन फोरम फॉर फॉरेस्ट की अध्यक्ष जूलियट राजाजी टाइगर रिजर्व के भ्रमण के बाद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने कहा कि इस दौरे में 30 देश के वन अधिकारी यहां पर आए हैं और राजा जी टाइगर रिजर्व के भ्रमण के बाद कई नई चीज उन्हें देखने को मिली।

यहां वन्य जीव संरक्षण का कार्य बहुत बेहतर तरीके से किया जा रहा है। यही वजह है कि यहां हाथियों के साथ टाइगरों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

### शिविर में 250 लोगों ने किया रक्तदान

हरिद्वार। शिव शक्ति सेवा समिति और टीएमआर पॉली ट्यूब के तत्वावधान में 11वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में सिडकुल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रक्तदान शिविर में मां गंगा ब्लड बैंक, जीवन रक्षक ब्लड बैंक के चिकित्सकों ने अपना सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में 250 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस मौके पर देवेंद्र शर्मा, पवन अग्रवाल, निखिल, सुवेश वालिया आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि उद्यान, वन विभाग व अन्य विभागों में लगातार घोटाले हो रहे है, लेकिन सरकार इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सरकार पर घोटालों का आरोप लगाते हुए सरकार का पुतला फूंका।

शनिवार को डीएम कार्यालय के बाहर सरकार का पुतला फूंकते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि लगातार कई विभागों में घोटाले किए जा रहे हैं, लेकिन सरकार इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा कि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

प्रदर्शन करने वालों में महिला जिला अध्यक्ष नीलम रावत, जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया उपेंद्र रावत, यशोदा नेगी, राजेश भंडारी, श्रीकांत, गोपाल नेगी, राहत हुसैन, अनिल, भूपेंद्र टम्टा, रोहित आदि शामिल रहे।

## रजत जयंती समारोह का आयोजन

हरिद्वार। विश्व हिंदू परिषद के सेवा प्रकल्प वात्सल्य वाटिका की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन हुआ। संसाधन विहिन और अल्प संसाधन वाले परिवारों के बच्चों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षित और संस्कारवान बनाकर श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लिए वात्सल्य वाटिका एक सेवा प्रकल्प है।

शनिवार को आयोजित रजत जयंती समारोह में विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख अजय पारीक ने कहा कि ओमप्रकाशानंद तीर्थ गंगाश्री जनसेवा न्यास द्वारा संचालित वात्सल्य वाटिका का शुभारंभ अगस्त 1998 में हुआ था। केवल 15 बच्चों को साथ लेकर इस सेवा प्रकल्प की शुरूआत की गई थी।

वर्तमान में सेवा प्रकल्प में 100 बच्चों से अधिक का लालन–पालन हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ–साथ वात्सल्य वाटिका के शिक्षार्थियों ने फुटबॉल, टीटी, कैरम, बाक्सिंग आदि खेलों में जिला, प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग कर शीर्ष स्थान प्राप्त किए है। वात्सल्य वाटिका के शिक्षार्थियों की उपलब्धियों से अभिभूत एक सम्बन्धित लेख अमेरिका की पत्रिका में भी प्रकाशित हुआ था।

वात्सल्य वाटिका के प्रबंधक प्रदीप मिश्र ने कहा की वात्सल्य वाटिका से शिक्षा और अन्य सहगामी क्रियाकलापों में निपुण अनेक विद्यार्थी देश के विभिन्न संस्थानों में अपनी निष्ठावान समर्पित सेवाएं दे रहे हैं। समारोह के दौरान वीएचपी के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख और केंद्रीय मंत्री अजय पारीक, संयुक्त क्षेत्र सेवा प्रमुख राधेश्याम द्विवेदी, सोहन सिंह सोलंकी, डॉ.सुरेंद्रानंद गिरी, आनंद प्रकाश हरबोला, अजय आर्य, जेसी जैन, संदीप जैन, संजीव गुप्ता, अशोक बिडला, राकेश ओबराय, राजेश मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### सनातन से मानव जीवन का कल्याण संभव

हरिद्वार। सनातन से ही मानव जीवन का कल्याण संभव है। सनातन संस्कृति, मंत्र शक्ति व ध्यान से जटिल रोगों का निदान संभव है। यह विचार धार्मिक संस्था श्री करौली शंकर महादेव धाम, भारत माता पुरम, भूपतवाला, हरिद्वार के अध्यक्ष करौली शंकर महादेव ने त्रिदिवसीय महा सम्मेलन, ध्यान साधना शिविर एवं दीक्षा समारोह के शुभारम्भ के अवसर पर रखे।करौली शंकर महादेव ने कहा कि देश–विदेश से आये लगभग 3 हजार साधकों को हवन, साधना की शुद्धि के उपरान्त मंत्र दीक्षा दी जाएगी। इस महासम्मेलन में साधक दीक्षा लेकर श्री राधारमन शिष्य सम्प्रदाय के हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम देशभर में वर्ष में 4 बार पूर्णिमा दिवस पर आयोजित होते हैं। उत्तराखण्ड की पावन भूमि पर गंगा के पावन तट पर आयोजित महासम्मेलन में देश–विदेश के अनुयायियों ने दीक्षा ग्रहण की है। उन्होंने भक्तों से कहा कि हमें जीवन में सबसे पहले शारीरिक, मानसिक, आत्मिक शुद्धि करनी चाहिए, तभी हम जीवन का कल्याण कर सकते हैं।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 217-DRM-MB-23-24 dt. 27.10.2023 |
|---|---|
| Name of work | Provision of Lifts for ABSS station CH(2 Nos) and 4 Nos Escalator at PF No. 1(DLI end) and PF 2 & 3(LKO end) at Moradabad Railway station under Sr.DEN/HQ/MB.(DE No. 24/ELECT/23-24/MB) |
| Tender Closing Date / Time | 21.11.2023 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 98,47,972.50 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 1,97,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 |
| Bidding Start Date | 07.11.2023 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 27.10.2023 3380/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# महिला रोजगार का ये हाल!

भारत के श्रम बाजार में अब सिर्फ 15.9 महिलाएं मौजूद हैं। ताजा आंकड़ा 2022–23 का है। चार साल पहले यानी 2018–19 में भारत में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 21.9 प्रतिशत थी।

यह आंकड़ा चौंकाने वाला– और संभवतः आहत करने वाला भी है कि नियमित वेतन वाली नौकरियों के दायरे में भारत के श्रम बाजार में अब सिर्फ 15.9 महिलाएं मौजूद हैं। ताजा आंकड़ा 2022–23 का है। चार साल पहले यानी 2018–19 में भारत में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 21.9 प्रतिशत थी। श्रम शक्ति में भागीदारी का अर्थ उन लोगों से होता है, जो या तो नौकरी में हों, या नौकरी की तलाश में हों। इसमें उन लोगों को शामिल नहीं किया जाता, जिन्हें नौकरी की जरूरत ना हो, या जिन्होंने नौकरी मिलने की संभावना से निराश होकर इसे ढूंढना ही छोड़ दिया हो। ताजा आंकड़े सरकार की आवधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट से सामने आए हैं। ये आंकड़े हाल में जारी किए गए। इस सर्वे में अपना कोई काम–धंधा कर रहे लगे लोगों को भी रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की श्रेणी में गिना गया है। इस आधार पर बेरोजगारी घटने और महिलाओं–पुरुषों दोनों की श्रम शक्ति में भागीदारी बढने का दावा किया गया है। बीते हफ्ते इस बात का जिक्रप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किया। लेकिन जब एक अंग्रेजी अखबार ने वेतनभोगी कर्मियों के बीच श्रम शक्ति भागीदारी दर का विश्लेषण किया, तो विपरीत तस्वीर सामने आई। सूरत यह उभरी कि 2019–19 के बाद से लगातार श्रम शक्ति में वेतनभोगी नौकरी वाली महिलाओं की संख्या गिरी है। पीएलएफएस का यह आंकड़ा गौरतलब है कि देश के कुल कामकाजी लोगों में 57.3 प्रतिशत लोग स्वरोजगार में हैं, लेकिन महिलाओं के बीच यह संख्या 65.3 फीसदी है। बहरहाल, सरकारी दावे के मुताबिक मान लिया जाए कि स्वरोजगार भी रोजगार है, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वरोजगार वाले लोगों की औसत आय क्या है। खुद पीएलएफएस बताता है कि 2022–23 में स्वरोजगार वाले व्यक्तियों की औसत मासिक आय 13,347 रुपये थी। इतनी रकम पर जिंदगी गुजारने वाला परिवार आखिर किस वर्ग में आएगा और उसके उपभोग का स्तर क्या होगा, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सार यह है कि आंकड़ों के हेरफेर से खुशहाली की तस्वीर सिर्फ सुर्खियों में पेश की जा सकती है– जबकि आंकड़ों के बारीक विश्लेषण से उसकी पोल खुल जाती है।

# पड़ोस में घटता प्रभाव?

दक्षिण एशिया में एक के बाद दूसरे देश भारतीय चिंताओं को नजरअंदाज कर चीन के प्रभाव क्षेत्र में जा रहे हैं। इससे भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। हैरतअंगेज यह है कि इतनी बड़ी चुनौती पर देश में कोई चिंता नजर नहीं आती।

भूटान और चीन सीमा विवाद हल करने की तरफ बढ़ रहे हैं, इस बात की अब पुष्टि हो गई है। इस बारे में समझौता होने से पहले संभवतः दोनों देश औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध कायम करेंगे। इस हफ्ते भूटान के उप विदेश मंत्री सुन वाइदोंग ने बीजिंग की यात्रा की, जहां भूटान–चीन सीमा के परिसीमन और सीमांकन के लिए बनी संयुक्त तकनीकी समिति की जिम्मेदारियों और कर्त्तव्यों के बारे में समझौते पर दस्तखत किए गए। इसी बीच चीन का 'अनुसंधान' जहाज श्रीलंका पहुंच गया है। पिछले दिनों भारतीय मीडिया में यह खबर आई थी कि भारत ने श्रीलंका सरकार से कहा था कि वह इस जहाज को ना आने दे। इस तरह श्रीलंका ने लगातार दूसरे वर्ष चीनी जहाज के संदर्भ में भारतीय चिंताओं की अनदेखी की है। उधर मालदीव में नव–निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइजे ने बीबीसी को दिए इंटरव्यू में यह साफ कहा है कि अगले महीने अपने पद की शपथ लेने के बाद भारतीय सुरक्षाकर्मियों को अपने देश से वापस भेजना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

मुइजे ने चीन की परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की जमकर तारीफ की और उसमें मालदीव की भागीदारी बढ़ाने का इरादा जताया। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल अभी कुछ ही समय पहले चीन की यात्रा करके लौटे हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान नेपाल में बीआरआई की परियोजनाओं पर अमल संबंधी कई करार हुए। तो यह साफ है कि दक्षिण एशिया में एक के बाद दूसरे देश भारतीय चिंताओं को नजरअंदाज कर चीन के प्रभाव क्षेत्र में जा रहे हैं। इससे भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। हैरतअंगेज यह है कि इतनी बड़ी



**मुइजे ने चीन की परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की जमकर तारीफ की और उसमें मालदीव की भागीदारी बढ़ाने का इरादा जताया। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल अभी कुछ ही समय पहले चीन की यात्रा करके लौटे हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान नेपाल में बीआरआई की परियोजनाओं पर अमल संबंधी कई करार हुए। तो यह साफ है कि दक्षिण एशिया में एक के बाद दूसरे देश भारतीय चिंताओं को नजरअंदाज कर चीन के प्रभाव क्षेत्र में जा रहे हैं। इससे भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।**

चुनौती पर देश में कोई चिंता नजर नहीं आती। उलटे सत्ताधारी पार्टी और मेनस्ट्रीम मीडिया दुनिया में भारत के कथित रूप से बढ़ते प्रभाव का कथानक प्रचारित करने में जुटे हुए हैं। जबकि यह वक्त गहरे आत्म–निरीक्षण और भारतीय रणनीति एवं कूटनीति की प्राथमिकताओं फिर से तय करने का है। इस बात को अवश्य समझा जाना चाहिए कि कोई बड़ा देश दुनिया में प्रभावशाली नहीं हो सकता, अगर पास–पड़ोस में उसका रुतबा स्वाभाविक रूप से स्थापित ना हो।

# फिर परमाणु अस्त्रों की होड़?

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया में बढ़ते जा रहे तनाव के बीच यह ठोस आशंका पैदा हो गई है कि दुनिया को एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक होड़ से गुजरना पड़ सकता है।

1980 के दशक के मध्य में मिखाइल गोर्बाचेव के सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव बनने के साथ दुनिया में कुछ अप्रत्याशित–सा हुआ था। तनाव भरे शीत युद्ध में अचानक ऐसा बदलाव शुरू हुआ, जिससे परमाणु एवं अन्य हथियारों की होड़ पर विराम लगा और एक समय तो निरस्त्रीकरण की उम्मीदें मजबूत होने लगी थीं। लेकिन अब वह सारा ट्रेंड पलटता नजर आ रहा है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया में बढ़ते जा रहे तनाव के बीच यह आशंका पैदा हो गई है कि दुनिया को एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक होड़ से गुजरना पड़ सकता है। पिछले हफ्ते रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दो टूक कहा कि तीन दशक अब रूस फिर से परमाणु परीक्षण कर सकता है। इसका अर्थ होगा कि रूस परीक्षण प्रतिबंध मौजूदा संधि को तोड़ देगा। 1996 में पूर्ण परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर के बाद अमेरिका और रूस दोनों ने परीक्षण करने बंद कर दिए थे। तब से दुनिया में दस परमाणु परीक्षण हुए हैं, लेकिन ये सभी उन देशों ने किए हैं, जिन्होंने बाद में परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल की। इस दौर में दो परीक्षण भारत ने किए। फिर पाकिस्तान ने भी दो परीक्षण किए। बाकी छह परीक्षण उत्तर कोरिया ने किए हैं। उधर अमेरिका ने अपना आखिरी परमाणु परीक्षण 1992 में किया था। चीन और फ्रांस ने 1996 में अपने आखिरी परीक्षण किए थे। रूस ने 1990 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण अब तक नहीं किया है। लेकिन अब अंदेशा यह है कि बड़ी परमाणु शक्तियां फिर से परमाणु परीक्षणों की होड़ में उतर सकती हैं। जाहिर है कि अगर रूस ने परीक्षण किए, तो जवाब में अमेरिका भी ऐसा करेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक परमाणु परीक्षण करने का मकसद सूचनाएं जुटाना और संकेत भेजना भी होता है। परीक्षणों के जरिये पता लगाया जा सकता है कि पुराने परमाणु हथियारों में कितना दम बचा है या नए हथियार कितने ताकतवर होंगे।

# ये तुलना गौरतलब है

**ब्रिटेन की कंसल्टिंग एजेंसी ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स ने भारत और चीन की श्रम–शक्ति की जो तुलना पेश की है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसलिए कि अगर भारत सचमुच एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जो इस तुलना जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर किए बना वह अपनी मंजिल नहीं पा सकता। ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स की ताजा रिपोर्ट का सार यह है कि भारत भले दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया हो, लेकिन जहां तक श्रम–शक्ति का बात है, तो इस क्षेत्र वह चीन से कोसों से पीछे है। ये एजेंसी अनेक प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर इस नतीजे पर पहुंची है। मसलन, उसने ध्यान दिलाया है कि श्रम–शक्ति भागीदारी (15 से 64 वर्ष उम्र के जो लोग काम की सत्रिय तलाश में हों, उनकी संख्या) भारत में सिर्फ 51 प्रतिशत है, जबकि चीन में ये आंकड़ा 76 प्रतिशत है। और मगर महिलाओं की बात करें, तो भारत में उनकी भागीदारी तो महज 25 फीसदी है, जबकि चीन में यह आंकड़ा 71 प्रतिशत है।**

ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स की ताजा रिपोर्ट का सार यह है कि भारत भले दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया हो, लेकिन जहां तक श्रम–शक्ति का बात है, तो इस क्षेत्र वह चीन से कोसों से पीछे है।

ब्रिटेन की कंसल्टिंग एजेंसी ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स ने भारत और चीन की श्रम–शक्ति की जो तुलना पेश की है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसलिए कि अगर भारत सचमुच एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जो इस तुलना जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर किए बना वह अपनी मंजिल नहीं पा सकता। ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स की ताजा रिपोर्ट का सार यह है कि भारत भले दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया हो, लेकिन जहां तक श्रम–शक्ति का बात है, तो इस क्षेत्र वह चीन से कोसों से पीछे है। ये एजेंसी अनेक प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर इस नतीजे पर पहुंची है। मसलन, उसने ध्यान दिलाया है कि श्रम–शक्ति भागीदारी (15 से 64 वर्ष उम्र के जो लोग काम की सत्रिय तलाश में हों, उनकी संख्या) भारत में सिर्फ 51 प्रतिशत है, जबकि चीन में ये आंकड़ा 76 प्रतिशत है। और मगर महिलाओं की बात करें, तो भारत में उनकी भागीदारी तो महज 25 फीसदी है, जबकि चीन में यह आंकड़ा 71 प्रतिशत है। मगर बात सिर्फ संख्या की नहीं है। श्रमिक उत्पादकता के मामले में भारत और भी पीछे है। उत्पादकता मानव पूंजी की गुणवत्ता से तय होती है, जिसका संबंध बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य से है। इस मामले भारत चीन से बहुत पीछे है।

मसलन, भारत में 2018 में साक्षरता दर 74 प्रतिशत थी, जबकि चीन में यह आंकड़ा 97 फीसदी था। भारत में शिक्षा की गुणवत्ता दयनीय बनी हुई है। उधर स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति पर ध्यान दें, तो भारत में हर दस हजार आबादी पर सिर्फ 7.3 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि चीन में यह संख्या 23.9 है। जिस समय पश्चिमी और भारतीय मीडिया में भारत को चीन का विकल्प बताया जा रहा है, कहा जा सकता है कि ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स ने यथार्थ के प्रति हमें सचेत किया है। उसने जो कमियां बताई हैं, उन्हें दूर कर बेशक भारत महाशक्ति बनने की ओर बढ़ सकता है। वरना, सिंगापुर के पूर्व प्रधानमंत्री ली क्वान यू की यह टिप्पणी हकीकत बनी रहेगी कि भविष्य भारत का है, लेकिन वह भविष्य हमेशा ही वर्तमान जितना ही दूर बना रहेगा।

# इंटरमिटेंट फास्टिंग



इंटरमिटेंट फास्टिंग वजन कम करने के लिए किए जाने वाले उपवास का एक तरीका है।यह सामान्य डाइट से अलग खाने का एक पैटर्न है और इससे वजन कम करने के साथ–साथ अन्य कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। हालांकि, इसे बिना डॉक्टरी सलाह के फॉलो करने से बचें।आइए आज हम आपको इस डाइट के फायदे और इससे जुड़े दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**इंटरमिटेंट फास्टिंग के प्रकार**

इंटरमिटेंट फास्टिंग के 10 प्रकार हैं, जिसमें से सबसे चर्चित 2 प्रकार (16/8 इंटरमिटेंट फास्टिंग और हर दूसरे दिन उपवास रखना) हैं।16/8 इंटरमिटेंट फास्टिंगः इसके अंतर्गत व्यक्ति को 16 घंटे तक उपवास रखना और 8 घंटे का समय खाने के लिए होता है।हर दूसरे दिन का उपवासः इसमें हफ्ते के हर दूसरे दिन उपवास रखा जाता है। उदाहरण के लिए अगर कोई सोमवार को खाना खा रहा है तो वो मंगलवार को उपवास रख सकता है।

**इंटरमिटेंट फास्टिंग को फॉलो करने से मिलने वाले फायदे**

एक शोध के मुताबिक, इंटरमिटेंट फास्टिंग सामान्य वजन, अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त व्यक्तियों के बीच वजन घटाने में प्रभावी हो सकती है।इसके अलावा यह डाइट हृदय को स्वस्थ रखने, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने, कैंसर के जोखिम कम करने और लीवर को डिटॉक्स करने में भी मदद कर सकती है।यह डाइट मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होती है।

इंटरमिटेंट फास्टिंग से हो सकते हैं ये नुकसान

कई अध्ययनों में इंटरमिटेंट फास्टिंग के कुछ नुकसान भी सामने आए हैं।जैसे कि जब कोई व्यक्ति इंटरमिटेंट फास्टिंग शुरू करता है तो उसका शरीर अलग तरह से काम करने लगता है, जिससे उसको कमजोरी या सिरदर्द की समस्या हो सकती है।उपवास की वजह से चिड़चिड़ाहट या मूड स्विंग हो सकता है या खाने की इच्छा और ज्यादा बढ़ सकती है। साथ ही चक्कर आने की परेशानी हो सकती है।


**इंटरमिटेंट फास्टिंग किन खाद्य पदार्थों का सेवन है बेहतर**

इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान हाई फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ (साबुत फल, अनाज और सब्जियां) का सेवन किया जा सकता है।ब्रेकफास्ट और स्नैक्स में फलों और उनके जूस के साथ व्यक्ति अपनी पसंद के पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन कर सकता है।इंटरमिटेंट फास्टिंग में 500 केसीएल से अधिक कैलोरी वाली चीजों को नहीं खाना चाहिए।साथ ही इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें, जिससे शरीर हमेशा हाइड्रेट रहें।

**क्या कोई भी इंटरमिटेंट फास्टिंग का विकल्प चुन सकता है**

कई लोग मानते हैं कि कोई भी इंटरमिटेंट फास्टिंग का विकल्प चुन सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है।गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए इंटरमिटेंट फास्टिंग को चुनना सही नहीं है क्योंकि शिशु के पर्याप्त विकास के लिए उन्हें नियमित रूप से उचित मात्रा में कैलोरी की आवश्यकता होती है, जो कि इंटरमिटेंट फास्टिंग से नहीं मिल सकती है।इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए भी इंटरमिटेंट फास्टिंग सही नहीं है।

# ठंड का मौसम आते ही बढ़ जाता है सर्दी जुकाम का खतरा, जानें किस तरह घर पर रहकर करें बचाव



अक्टूबर के महीने में गर्म सर्द का मौसम शुरू हो जाता है, दिन में जहां गर्मी पड़ती है तो रात को ठंड का एहसास होना शुरू हो गया है. ऐसे में गर्म सर्द के इस मौसम में सर्दी जुकाम का खतरा सबसे ज्यादा होता है और संक्रमण का भी खतरा बढ़ जाता है. अक्सर लोगों का सवाल रहता है कि सर्दी जुकाम से बचने के लिए घरेलू उपाय क्या होते हैं? तो चलिए आज हम आपको बताते हैं ऐसे पांच घरेलू उपाय जिनका उपयोग करके आप सर्दी के मौसम में मौसमी बीमारियों से बच सकते हैं.

**शहद और नींबू की चाय**

एक कप गर्म पानी में एक बड़ा चम्मच शहद और आधे नींबू का रस मिलाएं, गले की खराश से राहत पाने और खांसी से राहत पाने के लिए इस चाय की चुस्की लें.

**अदरक की चाय**

अदरक की चाय बनाने के लिए ताजे अदरक के एक छोटे टुकड़े को कद्दूकस करके पानी में उबाल लें. अदरक में नेचुरल एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो कंजेशन को कम करने और गले की खराश को शांत करने में मदद कर सकते हैं.

**भाप लेना**

एक बड़े बर्तन में पानी उबालें. जब यह भाप बन जाए तो इसे आंच से उतार लें और इसमें यूकेलिप्टस तेल की कुछ बूंदें मिलाएं. बर्तन के ऊपर झुकें और भाप लेने के लिए अपने सिर को तौलिये से ढक लें, इससे नाक में जमा कफ को साफ करने में मदद मिल सकती है.

**हल्दी दूध**

एक कप दूध गर्म करें और उसमें एक चम्मच हल्दी मिलाएं. इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और सोने से पहले पी लें. हल्दी में नेचुरल एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सर्दी के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं.

**खारे पानी के गरारे**

एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक मिलाएं और इससे गरारे करें. यह गले की खराश को शांत करने और जलन को कम करने में मदद कर सकता है.

# कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन नहीं करेगी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करे। उन्होंने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और अब चाहते हैं कि वो सीटें कांग्रेस छोड़ दे। हालांकि कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं हो रही है। कांग्रेस का कहना है कि वह भी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन चाहती है लेकिन सपा पहले से घोषित अपनी सीटों पर लड़ने के लिए अड़ी है। इस गतिरोध के बीच अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस को तय करना है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करेगी या राज्य के स्तर पर।

इस पर कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि कांग्रेस स्वाभाविक रूप से राज्यों के स्तर पर गठबंधन करेगी। वह क्यों प्रादेशिक पार्टियों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करे? असल में कांग्रेस के साथ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल की बात कर रही हैं। इससे सभी पार्टियों के लिए कुछ सीटें छोड़नी होंगी। जैसे सपा अभी मध्य प्रदेश में मांग रही है सीट तो एनसीपी किसी और राज्य में मांगेगी, राजद की मांग किसी और राज्य में होगी तो जदयू कहीं और सीट मांगेगी। इससे कांग्रेस का अपनी समीकरण बिगड़ेगा। इसलिए कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह राज्यों में प्रादेशिक पार्टियों की स्थिति का आकलन करने के बाद ही तालमेल करेगी। दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियां भी उसके साथ ऐसा ही बरताव करेंगी। वे भी अपने असर वाले राज्यों में कांग्रेस की स्थिति का आकलन करके उसके लिए सीट छोड़ेंगी।

# भाप में पका खाना स्वास्थ्य के लिए होता है फायदेमंद, जानिए इससे मिलने वाले प्रमुख लाभ



भाप में पका खाना यानी स्टीम्ड फूड स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।इसमें सब्जियों और फलों के विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्व बरकरार रहते हैं।इसके अलावा भाप में खाना पकाने के लिए किसी भी तरह के तेल का इस्तेमाल भी नहीं होता, जिससे इसका सेवन सभी उम्र के लोगों की सेहत के लिए लाभदायक है।ऐसे में आइये आज हेल्थ टिप्स में भाप में पके खाने के सेवन से मिलने वाले 5 लाभ जानते हैं।

**पोषक तत्वों को रखता है बरकरार**

भाप में पका खाना अन्य तकनीकों से बने खाने की तुलना में ज्यादा पौष्टिक माना जाता है।ऐसा इसलिए है क्योंकि इसमें पका खाना न तो जलता है और न ही इसमें किसी तरह के तेल मसालों का इस्तेमाल किया जाता है।

इससे इसमें कोई हानिकारक तत्व पैदा नहीं होते हैं, जिसकी वजह से खाने में पोषक तत्व लंबे समय तक बरकरार रहते हैं।अगर आप भी पौषिक भोजन करना चाहते हैं तो भाप में खाना बनाने की कोशिश करें।

**पाचन क्रिया में करता है सुधार**

तेल मसाले वाला भोजन करके अकसर लोगों को कब्ज और गैस जैसी कई पेट संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वहीं भाप में पका खाना पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें तेल और मसालों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।दरअसल, भाप में पका खाना काफी मुलायम होता है, जो पेट के स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहता है।पाचन क्रिया में सुधार के लिए इन घरेलू नुस्खों को अपनाएं।

**कोलेस्ट्रॉल को करें नियंत्रित**

भाप में पका खाना खाने से कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने में भी मदद मिलती है।दरअसल, भाप में पका खाना हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें किसी भी तरह के तेल का इस्तेमाल नहीं किया जाता।इसके अलावा यह खाना हृदय के स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी मदद करता है।हृदय स्वास्थ्य के लिए ये 5 पेय भी फायदेमंद है।

**वजन घटाने के लिए है फायदेमंद**

आजकल ज्यादातर लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे बचाव या वजन घटाने के लिए सही खान–पान बहुत जरूरी है।इसके लिए आप भाप में पके खाने को अपनी डाइट में ज्यादा–से–ज्यादा शामिल करें।दरअसल, भाप में पके खाने में कम कैलोरी होती है।इसमें घी या तेल का इस्तेमाल भी नहीं होता है इसलिए यह वसा मुक्त भोजन माना जाता है, जिससे वजन नहीं बढ़ता है।

**खाने का बढ़ाता है स्वाद**

भाप में खाना पकाने का एक और बड़ा लाभ है। इससे सब्जियों या फलों का रंग और स्वाद दोनों बरकरार रहता है।इसके अलावा इस तरीके से पकाया गया भोजन चिपचिपा भी नहीं रहता, जिससे यह आसानी से पच जाता है।इन सभी स्वास्थ्य लाभों को पाने के लिए अपनी डाइट में भाप में पके खाने को शामिल करें।

घर पर स्टीम्ड फूड बनाने के लिए इन रेसिपीज को आजमाएं।

## गाजा पर इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 7,700 से अधिक हुई

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर इजरायली सैन्य हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 7,703 हो गई है। हमास–नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी है।

रिपार्ट के अनुसार, एक बयान में कहा गया कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 19,743 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। 7 अक्टूबर को इजरायली सैन्य ठिकानों और कस्बों पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए एक हमले के जवाब में इजरायल ने गाजा के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई हमले और जमीनी अभियान शुरू किए हैं, जिसमें इजरायल में कम से कम 1,400 लोग मारे गए हैं।

## एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा को अब 2 नवंबर को बुलाया, महुआ के आग्रह पर बढ़ाई तारीख

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच कर रही लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने टीएमसी सांसद के आग्रह पर अब उन्हें 31 अक्टूबर की बजाय 2 नवंबर को सुबह 11 बजे कमेटी के सामने पेश होकर अपने बचाव में तथ्यों को रखने को कहा है।दरअसल, इस मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायत करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और जय अनंत देहाद्राई की गवाही के बाद लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने अपना पक्ष रखने के लिए महुआ मोइत्रा को 31 अक्टूबर को बुलाया था। लेकिन, महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर को पत्र लिखकर यह बताया कि वह अपने संसदीय क्षेत्र में पहले से निर्धारित कार्यक्रमों के कारण 4 नवंबर से पहले दिल्ली नहीं आ सकती, इसलिए समिति उन्हें 5 नवंबर के बाद कभी भी पेश होने का समय दे दें।महुआ मोइत्रा के पत्र का संज्ञान लेते हुए लोकसभा सचिवालय ने एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर के निर्देश पर उन्हें पत्र लिखकर कमेटी के सामने 2 नवंबर को 11 बजे पेश होने को कहा है।

## होटल में अवैध रूप से शराब बेचने पर होटल संचालक गिरफ्तार

अल्मोड़ा। अवैध शराब के मामले में जनपद पुलिस ने कार्यवाही कर होटल संचालक को गिरफ्तार कर 130 पव्वे शराब के बरामद किए हैं। एसएसपी राम चन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध मादक पदाथों की तस्करी व बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने हेतु नशा तस्करों व अवैध रूप से शराब बेचने/पिलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को रानीखेत पुलिस द्वारा होटल/ढाबा चेकिंग के दौरान कस्बा गनियाद्योली, रानीखेत में एक व्यक्ति मनीष आर्या को अपने होटल में अवैध रूप से शराब बेचने पर होटल से 130 पव्वे अंग्रेजी, देशी शराब बरामद कर अभियुक्त मनीष आर्या को गिरफ्तार करते हुए कोतवाली रानीखेत में आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। बरामद शराब की कीमत 16 हजार रुपये लगभग बताई जा रही है।

# बड़े हमले से पहले छोटी–छोटी घुसपैठ

### हमास को मिटाने के लिए ऐसे गुरिल्ला युद्ध कर रहा इस्राइल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच जारी लड़ाई को अब तीन हफ्ते बीत चुके हैं। इस बीच गाजा पट्टी में छिपे हमास के लड़ाकों को मारने के लिए इस्राइल की सेना ने जमीनी अभियान शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई शुरू करने से पहले इस्राइल ने गुरिल्ला तकनीक का इस्तेमाल किया। इस रणनीति का उपयोग दशकों से होता रहा है। अब हमास के खिलाफ लड़ाई गुरिल्ला तकनीक फिर से चर्चा में आ गई है।

7 अक्तूबर को हमास ने हमला कर इस्राइल को गहरा घात दिया। तब से इस्राइल ने गाजा पट्टी में मौजूद हमास के ठिकानों को नस्तनाबूत करने के लिए कई हवाई हमले किए। इसके साथ ही इस्राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा में जमीनी हमले की योजना बनाई। शुरुआत में आईडीएफ अपने प्रयास में सफल नहीं हुई और उसे जमीनी अभियान की कार्रवाई टालनी पड़ी। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में आईडीएफ ने हर बार पीछे हटने से पहले गाजा में तीन लक्षित और छोटी घुसपैठ शुरू की। इस्राइल की प्रख्यात नौसेना इकाई शायेटेट के 13 नौसैनिक कमांडो ने जमीन के रास्ते दो घुसपैठें कीं। वहीं एक बार समुद्र के रास्ते घुसपैठ की गई।

इस्राइली मीडिया रिपोर्ट की मानें, तो प्रत्येक घुसपैठ के जरिए सीमित संख्या में हमास के बुनियादी ढांचों को नष्ट किया गया। इसके जरिए इस्राइली सेना ने हवाई हमलों ने कहीं अधिक क्षति पहुंचाई है, इसलिए प्रभाव काफी सीमित था।

शुरुआत में उम्मीदें गाजा में अब तक के सबसे बड़े जमीनी हमले की लगाई गई थीं जिसके लिए 3,60,000 रिजर्व सैनिक



बुलाए गए थे। हालांकि, इस्राइली सेना द्वारा जो कुछ किया गया है वह अभी भी 2014 में गाजा में किए गए जमीनी आक्रमण के स्तर तक नहीं पहुंचा है।

जब इस्राइल बार–बार जमीनी हमले में देरी कर रहा था तो सबके मन में कई सवाल थे। सवाल थे कि क्या अब तक आक्रमण में देरी करना सही कदम था। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह प्रक्रिया दो सप्ताह पहले ही शुरू हो गई थी, लेकिन एक या दो दिन बाद ही पता चला कि उस समय गाजा में घुसपैठ की सूचना दी गई थी। योजना थी कि लड़ाई में वास्तव में हमास को शामिल नहीं किया जाए। घटनाक्रमों की शृंखला से स्पष्ट होता है आईडीएफ हमास पर गुरिल्ला युद्ध रणनीति अपना रहा है।

इस समय गाजा शहर में खुद को बचाए रखने के लिए हमास जिन तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है वो घात लगाकर किए जाने वाले हमले, सुरक्षित दिखने वाली चीजों पर विस्फोट करना और हिट–एंड–रन शामिल है। इन तरीकों के जरिए हमास इस्राइल के हवाई और अन्य तकनीकी लाभों को बेअसर करना चाहता है।

वहीं, गुरिल्ला युद्ध की बात करें तो यह लगभग युद्ध जितना ही पुराना है। परंपरागत रूप से इसका इस्तेमाल छोटे या कमजोर पक्ष द्वारा बड़े या कम सक्रिय पक्ष को रोकने के लिए किया जाता था। चूंकि हमास ने इस्राइल के खिलाफ शहरी इलाकों में मानव ढाल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। लिहाजा इस्राइल को भी समझ आया है कि बड़ी और अधिक शक्तिशाली सेना होने का मतलब तकनीक में आश्चर्य के तत्व को छोड़ना नहीं है। सीधे शब्दों में कहें तो, गाजा में मौजूद हमास के लड़ाकों को नहीं पता कि आईडीएफ आगे कहां से छलांग लगा सकती है।

# हरिद्वार निगम निगम का एक्शन

हरिद्वार। नगर निगम का टैक्स अनुभाग सेल्फ असेसमेंट के तहत भवनों पर लगाए गए टैक्स की जांच करेगा। टैक्स की सही जानकारी न देने वाले भवन स्वामियों पर कार्रवाई की तैयारी है। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने बताया कि अनुभाग को जांच के आदेश दिए गए हैं। करीब सत्रह हजार भवन जांच के दायरे में हैं।हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र के करीब तीस हजार आवासीय और करीब सात हजार कॉमार्शियल भवनों पर स्व गृहकर (सेल्फ असेसमेंट) के तहत टैक्स का निर्धारण किया गया है। भवन स्वामी खुद अपने भवन का क्षेत्रफल (कार्पेट एरिया)बताता है। इसे एक फॉर्म में टैक्स अनुभाग को दिया जाता है। इसी के आधार पर निगम टैक्स लगाता है। निगम को शिकायत मिली है कि कई भवन स्वामियों ने गलत जानकारी देकर क्षेत्रफल कम बताया है। इससे उनका टैक्स कम बन रहा है। कुछ क्षेत्र में नए निर्माण भी हुए हैं। निगम का टैक्स अनुभाग ऐसे भवनों का निरीक्षण कर उन पर टैक्स का फिर से निर्धारण करने के लिए तैयारी कर चुका है। रेंडम आधार पर जांच करेगी। करीब पचास फीसदी घरों की जांच की तैयारी है। नगर आयुक्त ने बताया कि इसको लेकर टैक्स अनुभाग के अधिकारियों की बैठक हो चुकी है। कर निरीक्षकों को ऐसे भवनों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गलत जानकारी देकर कम टैक्स लगवाने वाले भवन स्वामी से बकाया टैक्स की वसूली भी की जाएगी।

**पहले भी पकड़े जा चुके हैं गड़बड़ी के मामले**

टैक्स अनुभाग ने पिछले साल भी भवनों का निरीक्षण किया था। गलत जानकारी देकर कम टैक्स नगर निगम कार्यालय में जमा कराने के डेढ़ सौ मामले पकड़े गए थे। इनका टैक्स स्लैब बदला गया था। अब नगर निगम अधिकारियों ने बड़े स्तर पर चेकिंग अभियान चलाने की शुरूआत की है।

## भारत ने 26 राफेल–समुद्री जेट विमानों की खरीद के लिए फ्रांस को एलओआर भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 26 राफेल–समुद्री लड़ाकू जेट खरीदने के लिए फ्रांसीसी सरकार को अनुरोध जारी किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल–समुद्री लड़ाकू जेट और तीन स्कॉर्पीन डीजल–इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों की खरीद के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दे दी थी। मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने फ्रांसीसी सरकार से भारतीय नौसेना के लिए संबंधित सहायक उपकरण, हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, दस्तावेज़ीकरण, चालक दल प्रशिक्षण और रसद समर्थन के साथ 26 राफेल–समुद्री लड़ाकू जेट की खरीद के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। अंतर–सरकारी समझौता (आईजीए)। इसमें कहा गया है कि अन्य देशों द्वारा समान विमान की तुलनात्मक खरीद कीमत सहित सभी प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखने के बाद कीमत और खरीद की अन्य शर्तों पर फ्रांसीसी सरकार के साथ बातचीत की जाएगी। इसके अलावा, भारतीय डिज़ाइन किए गए उपकरणों के एकीकरण और विभिन्न प्रणालियों के लिए रखरखाव, मरम्मत और संचालन (एमआरओ) हब की स्थापना को उचित बातचीत में अनुबंध दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा। अब भारतीय रक्षा मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित सौदे के लिए फ्रांसीसी आयुध महानिदेशालय को एक विस्तृत अनुरोध पत्र (एलओआर) जारी किया गया है। सूत्रों ने कहा कि इसमें 22 सिंगल–सीट जेट और चार ट्विन–सीट ट्रेनर के साथ–साथ हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर, क्रू ट्रेनिंग और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट शामिल होंगे। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार फ्रांस को अपनी पेशकश, कीमत और अन्य विवरण के साथ कुछ महीनों में जवाब देना चाहिए। लागत पर बातचीत और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की अंतिम मंजूरी के बाद एक बार अनुबंध पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद, डिलीवरी तीन साल में शुरू हो जाएगी। सरकार–से–सरकारी सौदे के लिए एलओआर, जिसमें डसॉल्ट एविएशन निर्मित जेट की ऑफ–द–शेल्फ खरीद शामिल है, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 10 अक्टूबर को फ्रांस की यात्रा के तुरंत बाद आया है।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, विमान और पनडुब्बियों की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि भारतीय नौसेना कमी का सामना कर रही है और विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की जरूरत है।

## इटावा में सरकारी स्कूल की बीम गिरने से मजदूर की मौत

**लखनऊ एजेंसी** । उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सहसों थाना क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल की क्षतिग्रस्त इमारत को ढहाते समय एक बीम के टूटकर गिर जाने से एक युवा मजदूर की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सहसों थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बताया कि जाजे पुरा गांव में स्थित कंपोजिट परिषदीय विद्यालय की क्षतिग्रस्त इमारत को गिराने का ठेका दिए जाने के बाद उसे तोडऩे का कार्य चल रहा था। विष्णुकांत के मुताबिक, इस दौरान मजदूरी पर लगे पिता और पुत्र शुक्रवार शाम को जब इमारत तोड़ रहे थे, तभी अचानक बीम टूटकर हिमांशु उर्फ सूरज (22) के ऊपर गिर गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हालांकि, घटना में सूरज का पिता जयवीर बाल–बाल बच गया।

## भाभी संग आपत्तिजनक हालत में था 16 साल का देवर

**बदायूं, एजेंसी।** बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोर की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके बड़े भाई ने की थी। आरोपी ने छोटे भाई को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उसे पहले भी आपत्तिजनक हालत में देख चुका था। उसने किशोर को काफी समझाया लेकिन वह नहीं माना। इस पर बड़े भाई ने उसे नशा सुंघाकर खेत में ले जाकर मार डाला। थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार शाम उसे जेल भेज दिया गया।

बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर का शव 24 अक्तूबर को बाजरे के खेत में पड़ा मिला था। उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी। इस संबंध में मृतक के पिता ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर



दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि किशोर एक दिन पहले संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया था। वह समझ रहे थे कि किशोर कहीं घूमने गया है। शाम तक घर आ जाएगा लेकिन जब वह देर शाम तक घर नहीं आया तो परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की।

24 अक्तूबर को उसका शव उनके ही बाजरे के खेत में पड़ा मिला। तब से थाना पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही थी। तमाम लोगों से पूछताछ की। परिवार वालों से भी जानकारी जुटाई। इसके अलावा यह भी पता चला कि किशोर लापता होने के दिन अपने बड़े भाई के साथ था। कुछ लोगों ने उसे परौली गांव आते–जाते हुए देखा था। इससे पुलिस ने किशोर के बड़े भाई को ही पकड़कर सख्ती से पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि छोटे भाई के उसकी पत्नी से संबंध थे। उसने दो बार भाई को पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा था। कई बार उसे समझाया भी लेकिन वह नहीं माना।

इससे वह 23 अक्तूबर को छोटे भाई को दवा दिलाने परौली गांव ले गया। रास्ते में उसने भांग डालकर उसे चिलम पिलाई, जिससे वह नशे में हो गया। इसके बाद वह उसे खेत पर ले गया।

वहीं उसकी अंगोछा से गला घोंटकर हत्या कर दी और घर आया गया। पुलिस ने शनिवार को घटना का खुलासा कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# भ्रष्टाचार मिटाने और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेसः प्रियंका

**दमोह, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्यप्रदेश चुनाव के पहले आज जनता का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाने और भ्रष्टाचार मिटाने के मुद्दे की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन जब तक जनता स्वयं जागरुक होकर सही दल को वोट नहीं करेगी, तब तक कुछ नहीं होगा। प्रियंका वाड्रा मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड अंचल के दमोह जिले में चुनावी सभा को संबोधित करने आईं थीं।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे। प्रियंका ने कहा कि पहले नेताओं से सादा जीवन और सेवा की ज्यादा उम्मीदें थीं, पर अब लोगों की उम्मीदें कम हो रहीं हैं। अब ज्यादातर लोग सरकार से उम्मीद पालते हैं कि उनका जीवन थोड़ा आसान हो जाए, लेकिन वर्तमान में परिस्थिति अजीब सी हो गई हैं।



बुंदेलखंड में पलायन का मुद्दा उठाते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि 45 साल में अभी सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। मध्यप्रदेश सरकार ने तीन साल में मात्र 21 रोजगार दिए हैं। बहुत से पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों से रोजगार मिलते थे, पर मौजूदा केंद्र सरकार ने वो उद्योगपतियों को सौंप दिए। छोटे उद्योगपतियों की कमर तोड़ दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पुरानी पेंशन लागू करने पर बात की, पर सरकार से जवाब मिला कि इसके लिए पैसे नहीं है। अगर पैसे नहीं है तो बड़े उद्योगपतियों का कर्ज कैसे माफ हुआ। पुरानी संसद की जगह 27 हजार करोड़ रुपए से नई संसद क्यों बना दी गई।

इस दौरान उन्होंने जातिगत जनगणना का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेय सामाजिक न्याय के लिए ये मांग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं भी बड़े पदों पर ओबीसी के लोग नहीं हैं, पर सरकार गिनती करने के लिए तैयार नहीं है। महिला आरक्षण पर उन्होंने कहा कि सरकार 33 फीसदी आरक्षण की बात कर रही है, पर पता ये चला है कि आरक्षण 10 साल लागू नहीं होगा।

उन्होंने राजनीति में धर्म को शामिल किए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये चुनाव के समय ही क्यों होता है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक ग्रामीण महिला अपना वोट धर्म के आधार पर डालने की बात कर रही थी, पर जब उन्होंने (श्रीमती वाड्रा ने) कहा कि धर्म की बात करने वाला आपका (उस महिला का) विधायक विकास की बात क्यों नहीं करता, तब उस महिला ने उनकी बात को स्वीकार किया। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि कांग्रेस वर्तमान में भ्रष्टाचार और संविधान बचाने के मुद्दे की लड़ाई लड़ रही है, पर जब तक जनता नहीं जागेगी, तब तक कुछ नहीं बदलेगा। उन्होंने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि अपने विवेक के आधार पर वोट दें।

## सरकार अपने पूंजीपतियों को मुफ्त चीजें बांटकर भारत की अर्थव्यवस्था को डिफॉल्टर युग में ले जा रही :खडग़े

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है मोदी सरकार मुफ्त की रेवडिय़ां बांटकर भारत की अर्थव्यवस्था को डिफॉल्टर युग में ले जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "नरेंद्र मोदी जी आपकी सरकार भारत की अर्थव्यवस्था को 'डिफॉल्टर काल' (डिफॉल्टर युग) में ले जा रही है। अपने पूंजीपतियों को 'मुफ्त की रेवडिय़ां' बांटना और आम लोगों की बचत को नष्ट करना आपका एकमात्र एजेंडा रहा है।क्या यह सच नहीं है कि मार्च 2019 के बाद से जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों का बकाया प्रति दिन 100 करोड़ तक बढ़ गया है? क्या आपकी सरकार ने पिछले 9 वित्तीय वर्षों में 14.56 लाख करोड़ रुपये का एनपीए माफ नहीं किया?

## मिजोरम में सत्ता में आने पर कांग्रेस भूमि, वनों की रक्षा के लिए नया विधेयक पारित करेगी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को एक बार फिर केंद्र पर संसद के मानसून सत्र के दौरान वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन करने का आरोप लगाया, यह दावा करते हुए कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली मिजोरम की नई विधान सभा का पहला सत्र एक नया विधेयक पारित करेगा, जो राज्य के आदिवासी लोगों की भूमि, जंगलों और अधिकारों की रक्षा की गारंटी देता है।

एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, "मोदी सरकार ने संसद के मानसून सत्र के दौरान वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया, जिसका पूरे देश में जबरदस्त विरोध और आक्रोश हुआ, यहां तक कि पूर्वोत्तर में भी।" कांग्रेस नेता ने कहा, "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वादा है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली मिजोरम की नई विधान सभा का पहला सत्र एक नया विधेयक पारित करेगा जो राज्य के आदिवासी लोगों की भूमि, जंगलों और अधिकारों की रक्षा की गारंटी देता है। वन समवर्ती सूची का हिस्सा हैं, इसलिए इस विधेयक को अनुच्छेद 254(2) के प्रावधान के तहत सहमति के लिए भारत के राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा।" उन्होंने यह भी कहा कि यह वही है जो "एमएनएफ सरकार को संसद के मानसून सत्र के तुरंत बाद करना चाहिए था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया क्योंकि वह भाजपा की धुन पर नाचती है।"

रमेश ने कहा, "ज़ीपीएम ऐसा कभी नहीं करेगा क्योंकि वे मिजोरम के लोगों के लिए बिना किसी विचारधारा, बिना किसी कार्यक्रम या संगठन के बिना एक पार्टी हैं और कुछ ही समय में भाजपा के साथ समझौता कर लेंगे।"

मिजोरम में 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए 7 नवंबर को मतदान होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

## बंगाल के गिरफ्तार मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक का स्वास्थ्य स्थिर है : चिकित्सक

**कोलकाता, एजेंसी।** करोड़ों रुपये के कथित राशन वितरण घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। मलिक को यहां की एक अदालत ने 10 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। मलिक यहां एक अदालत में सुनवाई के दौरान बेहोश हो गए थे और शुक्रवार को उन्हें तत्काल चिकित्सीय देखभाल के लिए शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल में मलिक के स्वास्थ्य पर नजर रख रहे दल में शामिल एक वरिष्ठ चिकित्सक ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''मंत्री को रात में अच्छी नींद आई। उन्होंने किसी तरह की बैचेनी की कोई शिकायत नहीं की।'' अस्पताल ने शुक्रवार रात को एक बुलेटिन में कहा, ''मलिक को रक्त में उच्च शर्करा, गुर्दे की समस्या, डिसेलेक्ट्रोलिटिमिया और बेहोशी तथा उच्च रक्तचाप की शुरुआती शिकायत के साथ भर्ती कराया गया है।'' चिकित्सकों ने बताया कि मलिक का सीटी स्कैन, एमआरआई और खून की जांच की गई।कलकत्ता के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तनुमय कर्माकर ने मंत्री की हिरासत देने के लिए ईडी की याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली और उन्हें पांच नवंबर तक 10 दिन की केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने कहा कि उसे कथित राशन घोटाले के संबंध में मलिक से पूछताछ करने के लिए हिरासत में लेने की आवश्यकता है।

# असम में भाजपा नेता की हत्या, परिवार ने स्थानीय कांग्रेस नेताओं पर लगाया आरोप

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के करीमगंज जिले में पिछले कुछ दिनों से लापता 47 वर्षीय पूर्व पंचायत सदस्य और भाजपा नेता का शव मिला है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने शुक्रवार रात जिले के पत्थरकांडी इलाके में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता अब्दुल सत?तार का शव बरामद किया। गत 23 अक्टूबर को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

करीमगंज जिले के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

सत्तार के शरीर पर कई बाहरी चोटों के निशान हैं, जिससे पता चलता है कि उन्हें प्रताड़ित किया गया था।

उन्होंने कहा, "परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि पीड़िता की हत्या की गई है।"

इस बीच, मृतक अब्दुल सत्तार के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उनकी हत्या में एक स्थानीय कांग्रेस नेता सुरमान अली और उनके दोस्त शामिल थे। हालांकि, पुलिस ने कहा कि वह अभी भी इस मामले की जांच कर रही है।

सत्तार के परिजनों के मुताबिक, 23 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे, जब वह घर पर थे, उनके पास कई फोन आए।

उन्होंने बताया कि उन्हें स्थानीय विधायक के घर पर एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेना है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, "वह वापस नहीं आए। जब हमने अगली सुबह उनसे संपर्क करने की को?शिश की तो उनका फोन बंद था। हमने अगले दिन पुलिस और पार्टी के अन्य नेताओं को बताया।"

सत्तार के बेटे ने संवाददाताओं से कहा कि उनके पिता को चार महीने पहले स्थानीय कांग्रेस नेताओं के एक समूह ने धमकी दी थी। सत्तार के परिजनों के मुताबिक, उसके हाथ–पैर बंधे हुए थे और शव को बोरे में ठूंस दिया गया था। उन्होंने कहा, "उनकी हत्या कर दी गई और शव को बड़े पत्थरों के साथ नदी में फेंक दिया गया।"

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "पीड़ित के हाथ और पैर बंधे हुए थे। उसके माथे पर चोट का बड़ा निशान है लेकिन जब तक हमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल जाती तब तक हम ज्यादा कुछ नहीं बता सकते।"

पथारकांडी से भाजपा विधायक कृष्णेंदु पॉल ने मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

उन्होंने कहा, "तथ्य यह है कि एक सार्वजनिक व्यक्ति लापता हो गया और उसका शव ऐसी अवस्था में पाया गया, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यह हत्या थी। हम पुलिस द्वारा आरोपियों की पहचान के बाद उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं।"

# 771 रन, 65 चौके, 32 छक्के, ऑस्ट्रेलिया वर्सेस न्यूजीलैंड के बीच खेला गया रोमांचक मैच

धर्मशाला । ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया वर्ल्ड कप 2023 का 27वां मुकाबला फैंस के लिए पैसा वसूल रहा। दर्शकों से खचाखच भरे धर्मशाला के एसपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में विश्व कप 2023 का अब तक का सबसे रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया वर्सेस न्यूजीलैंड मैच में कुल 771 रन बने और इस दौरान दोनों टीमों ने मिलकर 65 चौके और 32 छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलिया ने मैच में 32 चौके और 20 छक्कों की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 388 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 33 चौके और 12 छक्के की मदद से 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 383 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने सर्वाधिक 109 रन बनाए, जबकि न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रचिन रवींद्र (116) ने बनाए।



**आखिरी ओवर का रोमांच**

न्यूजीलैंड को जीत के लिए आखिरी ओवर में 19 रन चाहिए थे। न्यूजीलैंड ने 49 ओवर में 8 विकेट खोकर 370 रन बना लिए थे। जेम्स नीशम (51) और ट्रेंट बोल्ट(9) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने अंतिम ओवर डाला। पहली गेंद पर एक रन लेकर बोल्ट ने नीशम को स्ट्राइक दी, जोकि खतरनाक बल्लेबाजी कर रहे थे। दूसरी गेंद पर स्टार्क ने बड़ी गलती की और वाइड गेंद डाली, जोकि कीपर से भी नहीं रुकी और न्यूजीलैंड को पांच रन मिले। दूसरी, तीसरी और चौथी गेंद पर नीशम ने दो–दो रन लेकर ऑस्ट्रेलिया के खेले में खलबली मचा दी लेकिन पांचवीं गेंद पर दो रन लेने के प्रयास में वह रन आउट हो गए। आखिरी गेंद पर फग्यूसन कुछ नहीं कर सके और ये डॉट बॉल रही।

**ऑस्ट्रेलिया की लगातार चौथी जीत**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के खूबसूरत मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 388 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम नौ विकेट पर 383 रन ही बना सकी। विश्व कप में अब तक खेले गए छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड की यह दूसरी हार है, इससे पहले भारत ने उसे हराया था, जबकि शुरुआती दो मैच हारने वाली ऑस्ट्रेलिया ने पिछले चार मुकाबलों में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी राह आसान की हैं।

**आखिरी ओवर में नीशम का जलवा**

न्यूजीलैंड ने हालांकि गेंद और बल्ले से कंगारुओं को कड़ी टक्कर दी, जिसके चलते अंतिम क्षणों तक मैच का रोमांच बरकरार रहा। रचिन रवींद्र (116) ने एक छोर को संभाल कर ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया। इसके अलावा डेरिल मिचेल (54) और जिमी नीशम (58) ने भी फटाफट रन बटोरते हुए अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया, मगर एडम जंपा (74 रन पर तीन विकेट) के अलावा पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड ने दो–दो विकेट झटक कर कीवियों का जीतने का सपना तोड़ दिया।

रनों से भरपूर विकेट पर गेंदबाजों की जम कर पिटाई हुई मगर दोनो टीमों को मिलाकर कुल 19 विकेट भी गिरे जबकि कुल 771 रन बनाए गए, जो ऑस्ट्रेलिया–न्यूजीलैंड मैच का एक रिकार्ड है। इस दौरान कुल 32 छक्के लगाए गए, जिसमें 20 छक्के ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने 12 न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने जड़े।

**वॉर्नर और हेड की धमाकेदारी साझेदारी**

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे हेड और वॉर्नर के बल्ले की आग ने स्टेडियम के माहौल में तपिश ला दी। दोनो ने कीवी गेंदबाजों की जमकर धुलाई करते हुए 19वें ओवर तक टीम के स्कोर को 175 रन पर लाकर खड़ा कर दिया, जिससे लगने लगा था कि ऑस्ट्रेलिया 450 के आसपास स्कोर कर लेगा, मगर ग्लेन फिलिप्स (37 रन पर तीन विकेट) ने न सिर्फ इस तूफान को थामा बल्कि पूरी ऑस्ट्रेलिया टीम को 388 रनो के भीतर पैक करने में भी अहम योगदान दिया।

विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे हेड ने मात्र 59 गेंदों पर अपना शतक दस चौके और सात छक्कों की मदद से पूरा किया। इसके साथ ही हेड विश्व कप के पदार्पण मैच में सबसे तेज शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जबकि तेज शतक के मामले में वह ग्लेन मैक्सवेल के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी है। मैक्सवेल ने मौजूदा विश्व कप में 40 गेंदों में शतक जड़ा था।

विशाल साझीदारी को तोड़ने के लिए पैट कमिंस ने गेंदबाजों को बदला और आखिरकार कंगारू टीम को पहली सफलता वॉर्नर के विकेट के तौर पर मिली, जिन्हें ग्लेन फिलिप्स अपनी ही गेंद पर लपका। वॉर्नर ने अपनी धाकड़ पारी में 65 गेंद खेल कर पांच चौके और छह छक्के लगाये। फिलप्सि ने ही हेड को भी जल्द ही दूसरा शिकार बनाया। सलामी साझीदारी टूटने के बाद न्यूजीलेंड के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के रनो की रफ्तार पर अंकुश लगाया। इस बीच फिलिप्स ने स्टीव स्मिथ (18) को कैच आउट करा कर अपनी टीम को मैच में वापस ला दिया।

बाद में मिचेल मार्श (36),ग्लेन मैक्सवेल (41),जॉश इग्लस (38) और पैट कमिंस (37) ने तेज गति से रन बटोरने की कोशिश की मगर उतनी ही तेजी से ट्रेंट बोल्ट ( 77 पर तीन विकेट) और मिचेल सेंटनर (80 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को आउट करने की सफल कोशिश की। गेंद और बल्ले की इस रोमांचक जंग के बीच पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 49.2 ओवरों में 388 रन बना कर पवेलियन लौट गई।

## आदिल रशीद के खिलाफ विराट कोहली का बल्ला रहा है शांत, लेकिन चुनौती के लिए हैं तैयार



नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वर्ल्ड कप 2023 में शानदार फॉर्म में है। कोहली ने लक्ष्य का पीछा करते हुए कई मैचों में भारत को जीत दिलाई है। विराट कोहली ने पांच मैचों में 354 रन बनाए हैं। इस टूर्नामेंट में वह एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले में विराट कोहली की नजर सचिन तेंदुलकर के वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर होगी। महान सचिन तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट में 49 शतक लगाए हैं, जबकि कोहली के नाम 48 शतक है। हालांकि मैच से पहले विराट कोहली इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि रशीद ने उन्हें नौ बार आउट किया है। विराट कोहली जब मैदान पर बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं तो विपक्षी टीम के गेंदबाजों पर हावी होने की कोशिश में रहते हैं। लेकिन कोहली का मानना है कि इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद को बहुत अंडररेटेड गेंदबाज माना जाता है। कोहली ने कहा कि रशीद के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण होने वाला है। आदिल रशीद ने विराट कोहली को वनडे में तीन बार आउट किया है। जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में रशीद ने कोहली को नौ बार पवेलियन का रास्ता दिखाया है। विराट कोहली ने हमारे संवाददाता से बातचीत में कहा, "आदिल रशीद बहुत अंडररेटेड गेंदबाज हैं और इंग्लैंड के लिए अच्छा करते आ रहे हैं। बहुत ही चुनौतीपूर्ण गेंदबाज हैं, जिनके खिलाफ मैं खेलने के लिए उत्सुक हूं।" रशीद के लिए वर्ल्ड कप 2023 ज्यादा अच्छा नहीं गया है। उन्होंने पांच मैचों में पांच विकेट चटकाए हैं। भारतीय टीम जीत के रथ पर सवार है।

## पाकिस्तान की हार पर फूट–फूट कर रोए शाहीन अफरीदी



नई दिल्ली। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल की होड़ से पाकिस्तानी टीम लगभग बाहर हो चुकी है। बता दें कि शुक्रवार को वनडे वर्ल्ड कप के 26वें मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को एक विकेट से हरा दिया था। इसके बाद पाकिस्तानी खेमा पूरी तरह से टूट गया। दक्षिण अफ्रीका वर्सेस पाकिस्तान मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी फूटझफूट कर रोते हुए नजर आए।शाहीन शाह अफरीदी का रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। यूजर्स अपने–अपने तरह से इस वीडियो पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो पर कई भारतीय फैंस ने भी प्रतिक्रिया दी है और उन्होंने पाकिस्तान को सांत्वना दिया है। बता दें कि चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम ओवर तक चले मैच में एक विकेट से हरा दिया था।

**प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया पाकिस्तान**

इस जीत के साथ जहां दक्षिण अफ्रीका विश्व कप 2023 के पॉइंट्स टेबल में 10 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गया है। वहीं, पाकिस्तान की टीम 6 मैच में दो जीत के साथ 4 अंक लेकर छठे नंबर पर पहुंच गई है। बता दें कि पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 46.4 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 270 रन बनाए।

## एशियन पैरा गेम्स 2023 में भारत का अभियान समाप्त, 111 पदक जीतकर बनाया कीर्तिमान

हांगझोऊ। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने शनिवार को इतिहास रचकर हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में अपने अभियान का अंत 111 पदक जीतकर किया जो किसी भी बड़े अंतरराष्ट्रीय बहु खेल टूर्नामेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य जीते। इससे पहले 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदक जीते थे।

भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा। चीन ने 521 पदक (214 स्वर्ण, 167 रजत और 140 कांस्य) जीते जबकि ईरान ने 44 स्वर्ण, 46 रजत और 41 कांस्य अपने नाम किये। जापान तीसरे और कोरिया चौथे स्थान पर रहा। पहले पैरा एशियाई खेल 2010 में ग्वांग्झू में हुए थे जिसमें भारत 14 पदक जीतकर 15वें स्थान पर रहा था। इसके बाद 2014 में भारत 15वें और 2018 में नौवे स्थान पर रहा। भारत ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 100 से अधिक (101) पदक जीते थे।

भारतीय पैरालम्पिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा ," हमने इतिहास रच दिया। हमारे पैरा एथलीटों ने देश को गौरवान्वित किया है। अब पेरिस पैरालम्पिक में तोक्यो से अधिक पदक जीतेंगे।" उन्होंने कहा ," हम इस प्रदर्शन से हैरान नहीं है। हमें



110 से 115 के बीच पदक मिलने की उम्मीद थी और 111 शुभ आंकड़ा है।" भारतीय खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 55 पदक एथलेटिक्स में पाये जबकि बैडमिंटन खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत 21 पदक जीते। शतरंज में आठ और तीरंदाजी में सात पदक मिले जबकि निशानेबाजों ने छह पदक जीते। आखिरी दिन शनिवार को भारत ने चार स्वर्ण समेत 12 पदक जीते। इनमें से सात पदक शतरंज में, चार एथलेटिक्स में और एक नौकायन में मिला।

# फिल्मी दुनियां

## थलपति विजय की लियो ने वर्ल्डवाइड भी काटा बवाल, चार दिनों 300 करोड़ का आंकड़ा कर लिया पार



थलपति विजय की फिल्म 'लियो' बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ रही है. फिल्म रिलीज के पहले दिन से ही धुंआधार कमाई कर रही है. घरेलू बाजार में फिल्म ने दो दिनों में ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था वहीं वर्ल्डवाइड भी फिल्म गर्दा उड़ रही है. चलिए .हां जानते हैं 'लियो' ने रिलीज के चौथे दिन वर्ल्डवाइड कितनी कमाई की है.

थलपति विजय की फिल्म 'लियो' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सुनामी बन चुकी है. फिल्म ताबड़तोड़ नोट छाप रही है. रिलीज के चार दिनों में 'लियो' ने घरेलू बाजार में 181.35 करोड़ रुपये की कमाई कर इतिहास रच दिया है. वहीं वर्ल्डवाइड भी फिल्म का कलेक्शन काबिलेतारीफ है. लियो रिलीज के तीन दिनों में ग्लोबली 290 करोड़ के पार जा पहुंची थी. वहीं अब फिल्म के चौथे दिन की ग्लोबली कमाई के आंकड़े भी आ गए हैं और ये 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है. वहीं ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने सोशल मीडिया पर लिखा है, विजय की ये फिल्म वर्ल्डवाइड हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म बन चुकी है.इतना ही नहीं लियो ने रिलीज के चौथे दिन गदर 2 का रिकॉर्ड भी ब्रेक कर दिया. लियो ने जहां चौथे दिन 41.50 करोड़ रुपयों की की कमाई की तो वहीं गदर 2 की कमाई 38.70 करोड़ रुपये रही थी. इसके अलावा लियो केरल में रिलीज के चार दिनों के भीतर ही 30 करोड़ के ग्रॉस क्लब में शामिल होने वाली वियज की पहली फिल्म बन गई है. ये जानकारी ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने सोशल मीडिया पर शेयर की है.

बता दें कि 250 से 300 करोड़ के बजट में बनी लियो में थलपति विजय के अलावा संजय दत्त, तृषा कृष्णन, अर्जुन समेंत कई कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है. फिल्म को लोकेश कनागराज ने डायरेक्ट किया है. ये फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड और मलयालम सहित पांच भाषाओं में रिलीज हुई है.

## दीपिका और रणवीर ने 2015 में की थी गुपचुप सगाई, कॉफी विद करण में किया खुलासा

लोकप्रिय चैट शो कॉफी विद करण के 8वें सीजन के पहले एपिसोड में स्टार कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण नजर आएंगे। एपिसोड के दौरान कपल ने बताया कि दोनों ने साल 2015 में गुपचुप तरीके से सगाई कर ली थी। एपिसोड के प्रोमो में रणवीर और दीपिका को मजेदार सवालों का जवाब देते हुए दिखाया गया है। रणवीर ने बातचीत के बीच करण जौहर को को ठरकी अंकल कहा। करण जौहर दोनों से पूछते हैं कि क्या उन्होंने गुपचुप तरीके से सगाई की थी ?, और इस पर रणवीर सिंह ने कहा, साल 2015 में मैंने इसे प्रपोज किया था। इससे पहले कि कोई और आ जाए, मैं जाकर चप्पल रख देता हूं। दीपिका से पूछा गया कि क्या वह रॉकी रंधावा को डेट करेंगी तो उन्होंने खुलासा किया, मैंने रॉकी रंधावा से शादी की है। इसके अलावा, जब दीपिका से पूछा गया कि अपने प्यारे पति के अलावा वह किसके साथ अच्छी केमिस्ट्री शेयर करती हैं, तो वह कहती हैं, मुझे लगता है कि ऋतिक के साथ मेरी केमिस्ट्री अच्छी है, जिसे हर कोई देखेगा। कॉफी विद करण सीजन 8 नए गेम्स के साथ डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 26 अक्टूबर को स्ट्रीम के लिए उपलब्ध होगा,

## फिल्म टाइगर 3 का पहला गाना लेके प्रभु का नाम जारी, अरिजीत जीत ने लगाए सुर

सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर फिल्म 'टाइगर 3' साल 2023 की सबसे बड़ी फिल्मों से एक है. हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था जिसे फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और लोग अब इस फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं. वहीं अब फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए फिल्म से नया सॉन्ग 'लेके प्रभु का नाम' भी रिलीज कर दिया गया है जो काफी शानदार है.

बता दें कि यशराज फिल्म्स ने आज रामनवमी के मौके पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'टाइगर 3' से पहला सॉन्ग 'लेके प्रभु का नाम का रिलीज कर दिया है. यह गाना 'एक था टाइगर' के 'माशाल्लाह' और 'टाइगर जिंदा है' के 'स्वैग से स्वागत' जैसे डांस नंबर्स में एक और एडिशन है. 'टाइगर 3' का रिलीज किया गया पहला म्यूजिक वीडियो कैप्पाडोसिया, तुर्की में शूट किया गया है. सॉन्ग में सलमान खान (टाइगर) और कैटरीना कैफ (जोया) अपनी जबरदस्त केमिस्ट्री के साथ अपने डांस मूव्स दिखाते नजर आ रहे हैं. गाने का म्यूजिक काफी दमदार है और ये नेक्स्ड पार्टी नंबर बनने वाला है.



सलमान ने कहा था कि 'टाइगर 3' का 'लेके प्रभु का नाम' उनके फेवरेट डांस ट्रैक में से एक है और उन्हें उम्मीद है कि लोग इस चार्टबस्टर में उन्हें और कैटरीना कैफ को देखना पसंद करेंगे. दिलचस्प बात ये है कि इस सॉन्ग को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी है.


## शादी के बाद परिणीति चोपड़ा ने कराया हॉट फोटोशूट



बॉलीवुड एक्ट्रेस हाल ही में शादी के बंधन में बंधी हैं. एक्ट्रेस आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ परिणय सूत्र में बंधी हैं. अब शादी के बाद एक्ट्रेस का बेहद ग्लैमरस फोटोशूट सामने आया है. बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने शादी के बाद बेहद हॉट फोटोशूट कराया है. फिल्मफेयर के लिए किए गए इस फोटोशूट में एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं. बॉलिवुड में चुलबुली लडक़ी की इमेज वाली परिणीति चोपड़ा शादी के बाद अब एक नए अवतार में नजर आ रही हैं. उन्होंने फिल्मफेयर के कवर के लिए एक हॉट फोटोशूट कराया है. अब एक्ट्रेस की यह तस्वीरें सोशल मेडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस जमकर एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा, परिणीति के इन फोटोज को देखकर राघव चड्ढा के भी पसीने छूट जाएंगे. वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट कर लिखा, हॉटनेस ओवरलोडेड. साथ ही परिणीति और राघव के रिसेप्शन की तस्वीरें भी सामने आई हैं. फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की हैं. चित्र में दोनों काफी खूबसूरत लग रहे हैं.

## म्यूजिकल प्ले आनंद ने मेरे दृष्टिकोण का किया विस्तार : अनीशा मधोक

हॉलीवुड फिल्म बुली हाई में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस अनीशा मधोक अब म्यूजिकल प्ले आनंद में नजर आएंगी। उन्होंने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया और कहा कि इससे उन्हें कला के बारे में दृष्टिकोण का विस्तार करने में मदद मिली।आनंद का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया है। अनीशा झुमकी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक युवा मोहक लडक़ी है और आनंद की तलाश में आध्यात्मिक ज्ञान का सामना करती है। कबीर बेदी इस नाटक के सूत्रधार हैं। अनीशा ने कहा, पूरे अनुभव ने शांति, रचनात्मकता और ग्रहणशीलता के संयोजन के साथ कला के बारे में मेरे दृष्टिकोण का विस्तार करने में मदद की है। मुजफ्फर अली सर की आभा मुझे उनके प्रति विस्मय में रखती है। उन्होंने कहा, वह अपने नाम के कारण नहीं



बल्कि सीमाओं से परे कला के प्रति समर्पण करने की अपनी क्षमता के कारण बेहतरीन कलाकार हैं। मेरे द्वारा कहे गए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं हैं। मैं बहुत आभारी हूं। आनंद से उन्हें किस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद है, इस पर अनीशा ने कहा, मुझे लगता है कि भारत आगे बढ़ रहा है। मैंने साउथ कैलिफोर्निया के विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है और सिंगिंग, डांस और एक्टिंग के साथ लाइव परफॉर्मेंस की अपनी सारी सीख वापस ला रही हूं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com